''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 11 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शनिवार, 11 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## 8 फरवरी को दिल्ली में बनेगी भाजपा की सरकार : रामचंद्र जांगड़ा

### भाजपा ने हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन करने का किया काम

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** संगठन के चुनाव की समीक्षा करने फरीदाबाद पहुंचे राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उन्होंने भारत को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का काम किया है ।2014 में जबसे प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है भाजपा ने हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, कांग्रेस के समय में हरियाणा जातिवाद, परिवारवाद, क्षेत्रवाद और भ्रस्टाचार के चंगुल में जकड़ा हुआ था, पिछले 10 वर्षों में मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी और नायब सिंह सैनी जी ने एक मजबूत सरकार हरियाणा को दी, जिससे हरियाणा के विकास की अभिनव शुरुआत हुई । पारदर्शिता एवं सुशाशन के कारण हरियाणा का जन जन को सशक्त हुआ जिससे जनता में भाजपा के प्रति विश्वास और अधिक गहरा हुआ है और इसी का परिणाम है जो आज पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में है ।हरियाणा में जीत के बाद महाराष्ट्र की जनता ने भी एक बार फिर भाजपा को चुना और भाजपा ने 3 चौथाई बहुमत के साथ सरकार बनाई । जनता के आशीर्वाद और



कार्यकर्ताओं के दम पर 8 फरवरी को दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनेगी ।

संगठन पर्व के तहत शुक्रवार को भाजपा जिला भाजपा कार्यालय अटल कमल पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, विधायक धनेश अधलखा, सतीस फागना, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, फरीदाबाद जिले के सह-चुनाव अधिकारी अनुशाशन समिति की प्रदेश अध्यक्षा नीरा तोमर एवं सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, प्रदेश चुनाव सह अधिकारी बिजेन्द्र नेहरा निवर्तमान महापौर सुमन बाला, उप महापौर मनमोहन गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, सक्रिय सदस्यता के जिला संयोजक पंकज रामपाल मुख्य तौर पर उपस्थित रहे ।

श्री जांगड़ा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा राजनैतिक सगठन है जिसमें किसी प्रकार का भाई भतीजा वाद और परिवारवाद नहीं होता, कार्यकर्त्ता अपनी मेहनत एवं समर्पण के बल पर संगठन के सर्वोच्च पद पर आसीन होता है । भाजपा संगठन को मजबूत करने और आंतरिक लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए संगठन का चुनाव महत्वपूर्ण हैं, पूरी प्रदर्शिता के साथ चुनाव कराये जा रहे हैं । उन्होंने फरीदाबाद के सभी 1650 बूथों पर बूथ समिति और बूथ अध्यक्ष के चुनाव की समीक्षा की ।बूथ अध्यक्ष चुनाव के बाद भाजपा के योग्य और सक्रिय सदस्यों को मंडल अध्यक्ष बनने का मौका मिलेगा, जिसके लिए 12 जनवरी तक चुनाव कराये जायेंगे । मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिलाध्यक्षों के चुनाव होंगे, फिर प्रदेश अध्यक्ष और उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा ।श्री जांगड़ा ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए क्षमतावान और विचारवान लोगों को दायित्व दिया जायेगा

**जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स ने दी चुनाव प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी**

फरीदाबाद जिले के प्रभारी एवं चुनाव अधिकारी नरेन्द्र वत्स ने कहा फरीदाबाद जिले द्वारा 2.5 लाख के लक्ष्य को पुर्ण कर फरीदाबाद में 4 लाख सदस्य जोड़ने का कार्य किया है जिसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रयास की दिल खोलकर प्रशंसा की और मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी कार्यकर्ताओं के साथ साँझा की ।

**उत्सव की तरह मनाया जा रहा है संगठन पर्व : राजकुमार वोहरा**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन पर्व को उत्सव की तरह मनाया जा रहा है, हर बूथ पर 3 सक्रिय सदस्य बनाने के साथ बूथ समिति गठित कर बूथ अध्यक्षों का चुनाव भी लगभग पूर्ण हो गया है और 12 जनवरी तक मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा । श्री वोहरा ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता और चुनाव अधिकारी मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर सौंपी गई जिम्मेवारी का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेवारी से निर्वहन करेंगे तथा मंडल चुनाव के निष्पक्षता से संपन्न करवाने में अहम् भूमिका निभाएंगे।

## माता शीतला देवी के नए भवन के निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक

### ग्रेप की पाबंदियां हटते ही निर्माण कार्य को दी जाए गति : डीसी

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**गुरुग्राम।** डीसी एवं श्री माता शीतला देवी श्राईन बोर्ड के प्रशासक अजय कुमार ने शुक्रवार को श्री शीतला माता देवी मंदिर के नए भवन के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में श्री माता शीतला देवी श्राईन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं बादशाहपुर के एसडीएम अंकित चोकसे, नगर निगम, मंदिर प्रबंधन व मंदिर निर्माण से जुड़ी एजेंसी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



डीसी अजय कुमार ने कहा कि ग्रेप की पाबन्दियों के चलते निर्माण की प्रक्रिया जिस प्रकार से प्रभावित हुई है। पाबंदियां हटने के उपरांत निर्माण कार्य को दोगुनी गति से शुरू करें ताकि निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम में श्री शीतला माता के भव्य भवन का निर्माण कर उसे जल्द से जल्द श्रद्धालुओं को समर्पित करना सरकार की प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी नही रहनी चाहिए। आज की समीक्षा बैठक में डीसी ने मंदिर के निर्माण कार्य, मूलभूत सुविधाएं सहित पार्किंग स्थल, फुट ओवर ब्रिज सहित जैसे विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा कर समय समय पर निर्माण कार्य की प्रगति की रिपार्ट उनके कार्यकाल भिजवाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में अंकित चोकसे ने उन्हे अवगत करवाया कि मंदिर परिसर में करीब 4.8 एकड़ में माता के नए बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि मंदिर में बिजली, पलम्बरिंग सहित फिनिशिंग कार्यों के लिए दिसंबर माह में टेंडर खोले गए थे। जिसमें केवल एक ही एजेंसी निर्धारित मापदंडो को पूरा कर रही थी। ऐसे में नियमावली के अनुसार इस महीने दोबारा टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परिसर में पार्किंग का प्रारंभिक डिज़ाइन तैयार हो गया है।

उन्होंने बताया कि नए भवन में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है। इसके साथ ही नए परिसर में योग मंडप, मेडिटेशन हॉल, कुंड, ओपन एयर थिएटर, बच्चों के लिए पार्क व एसटीपी व ईटीपी जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

## लघु उद्योग भारती ने जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट को लेकर किया सेमिनार का आयोजन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लघु उद्योग भारती बल्लभगढ़ की तरफ से गुरुवार शाम नैशनल हाईवे स्थित होटल गोल्डन गैलेक्सी में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट को लेकर एक सेमिनार भी हुआ और साथ ही उद्योगों से जुड़ी समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। सेमिनार में उद्यमियों को जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट स्कीम के बारे में जागरूक किया गया। उद्यमियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया के तहत जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट स्कीम शुरू की है। उन्होंने क्वालिटी के संबंध में जीरो डिफेक्ट व पर्यावरण पर प्रभाव के संबंध में जीरो इफेक्ट मैन्युफैक्चरिंग की तरफ ध्यान देने की बात कही है। जेडईडी सर्टिफिकेशन को लेकर भी सेमिनार में विस्तार से चर्चा की गई। सेमिनार के बाद उद्योगों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान बल्लभगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया में मौजूद समस्याओं व उन्हें किस तरह निपटा जाए, इस विषय पर चर्चा हुई। उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र में आ रही बिजली की समस्या, खस्ताहाल सड़क, साफ - सफाई व अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर बल्लभगढ़ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने सभी सदस्यों का पहुंचने पर धन्यवाद किया वहीं कहा कि आज हुई सेमिनार सभी सदस्यों के लिए काफी लाभकारी साबित होगा।

मीटिंग में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य अरुण बजाज ने लघु उद्योग भारती द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों को लेकर चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मीटिंग में विशेष रूप से पलवल - फरीदाबाद के प्रभारी रवि भूषण खत्री, फरीदाबाद अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव अमृत पाल कोचर, बल्लभगढ़ के अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव श्रीकांत दमानी, कोषाध्यक्ष मनोज बंसल, गुलशन सिंघल, नवीन गुप्ता, गौतम, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों संग जंगल सफारी परियोजना की प्रस्तावित साइट का किया दौरा

**कैबिनेट मंत्री ने परियोजना के पहले चरण में गांव सकतपुर, गैरतपुरबास, सिकोहपुर व नोरंगपुर में अरावली के डिग्रेडिड क्षेत्र में ढाई हजार एकड़ भूमि चिन्हित करने के दिए निर्देश**



समाचार गेट/जितेंद्र सिंह

गुरुग्राम। हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को गुरुग्राम के अरावली पर्वतीय श्रृंखला में प्रस्तावित जंगल सफारी साइट का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री ने वीरवार को चंडीगढ़ में परियोजना के संदर्भ में विभागीय अधिकारियों संग बैठक कर जंगल सफारी पर तेजी से कार्य करने व व्यक्तिगत रूप से वहां जाकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए थे। इन्हीं प्रयासों के तहत उन्होंने शुक्रवार की सुबह पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित साइट का दौरा किया।

राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जंगल सफारी परियोजना के पहले चरण में गांव सकतपुर, गैरतपुरबास, सिकोहपुर व नोरंगपुर में अरावली पर्वतीय श्रृंखला के डिग्रेडिड क्षेत्र में करीब ढाई हजार एकड़ भूमि को चिन्हित कर इस परियोजना पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि भूमि चिन्हित करने की इस पूरी प्रक्रिया में अरावली श्रृंखला में धोक के जंगल को ना छेड़ा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईको टूरिजम की दिशा में काम करते हुए सैलानियों की सुविधाओं के लिए जो भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी वे पहले चरण में चिन्हित भूमि पर ही स्थापित की जाएंगी। राव ने कहा कि प्रकृति और मानव एक दूसरे के पूरक है। ऐसे में हमे अरावली क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना को प्रभावित किए बिना इस दिशा में अपने निर्धारित लक्ष्यों के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दिल्ली के नजदीक होने की वजह से यहां पर इको- टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में वन विभाग के अधिकारी यहां पर इको टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए हर संभव योजना पर विचार करे।

बता दें कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस परियोजना की जिम्मेवारी अब सैद्धांतिक रूप से पर्यटन विभाग से लेकर वन्य एवं वन्य जीव विभाग को सौंप दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी मंत्री राव नरबीर सिंह अरबेनियन में ग्रीन वाल परियोजना का अवलोकन कर चुके हैं और इसे परियोजना को भी अरावली पर्वतीय श्रृंखला में लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं।

इस दौरान हरियाणा वन विभाग के पीसीसीएफ विवेक सक्सेना, गुरुग्राम के वन संरक्षक सुभाष यादव, डीएफओ गुरुग्राम राजकुमार, डीएफओ नूह प्रदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमृता हॉसपिटल ने महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज भेजी अत्याधुनिक मेडिकल टीम

### दक्षिण और उत्तर भारत की सांस्कृतिक एकता को सेवा भाव से जोड़ने की अनूठी पहल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अमृता हॉसपिटल फरीदाबाद ने महाकुंभ मेले 2025 के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक मेडिकल वाहनों का एक बेड़ा प्रयागराज के लिए रवाना किया। यह पहल मानवता की सेवा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के प्रति हॉसपिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




**ध्वजारोहण समारोह की विशेषताएं**

इस अवसर पर हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री एवं तिगांव क्षेत्र के विधायक श्री राजेश नागर और अमृता हॉसपिटल के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निजामृतानंद पुरी ने वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। राजेश नागर ने कहा, कुंभ मेला न केवल एक आध्यात्मिक आयोजन है बल्कि भारत की एकता का प्रतीक भी है। अमृता हॉसपिटल की यह पहल सेवा के उस जज्बे को दर्शाती है जो हमें एक राष्ट्र के रूप में जोड़ता है।

स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा, यह अभियान विभिन्न संस्कृतियों के बीच प्रेम और सेवा के माध्यम से सेतु बनाने और पीड़ा को दूर करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**उन्नत चिकित्सा सेवाएं**

13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक संचालित इस टीम द्वारा लगभग 50 लाख मूल्य की मुफ्त चिकित्सा परामर्श, उपचार और दवाएं प्रदान की जाएंगी।

**मेडिकल टीम में शामिल हैं:**

**मोबाइल हेल्थकेयर वैन:** छोटा ऑपरेशन थिएटर जो लेबर रूम में परिवर्तित हो सकता है, डायग्नोस्टिक उपकरण और आपातकालीन सुविधाएं।

**मोबाइल मैमोग्राफी यूनिट:** महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए उन्नत निदान।

**जे-लैब वैन:** रक्त परीक्षण और बायोकैमिस्ट्री के लिए स्वचालित लैब सेवाएं।

**सीसीयू एम्बुलेंस:** वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर और ऑक्सीजन सप्लाई जैसी आपातकालीन सुविधाओं से सुसज्जित।

**समग्र स्वास्थ्य सेवाएं**

2437 ओपीडी परामर्श और 34 बेड की इनपेशेंट सेवाएं।

## जिला उपायुक्त ने हीरो होंडा से उमंग भारद्वाज चौक तक 6 लेन हाईवे निर्माण पर की चर्चा

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**गुरुग्राम।** जिला उपायुक्त अजय कुमार ने शुक्रवार को हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज तक 6 लेन हाईवे निर्माण परियोजना के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान के उपायों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सड़क चौड़ीकरण, उमंग भारद्वाज चौक पर फ्लाईओवर बनाने सहित हीरो होंडा चौक पर अंडरपास बनाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा इस मार्ग निर्माण में आने वाले व्यवधान जैसे एचसीजी सीएनजी पंप, आश्रम व होटल जैसी इकाईयों को अन्य जगह शिफ्ट करने संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि आश्रम शिफ्ट करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम जल्द शुरू होगा। इस बारें में अंतिम सहमति बन चुकी है। इसी तरह खांडसा चौक पर व्हीकुल्र अंडरपास बनाया जाना है। इसके लिए जीएमडीए, एनएचएआई और एमसीजी जैसी संबंधित एजेंसी आपसी ताल-मेल से कार्य करने में जुटी हैं।



एचवीपीएनएल अधिकारियों ने बताया कि विभाग के 66 केवीए ग्रिड सब स्टेशन को शिफ्ट करने संबंधी अनुमति मुख्यालय स्तर पर लंबित है। पेड़ कटाई संबंधी कार्य एनओसी के साथ किया जा रहा है। इसके अलावा इस रूट पर सीवरेज-ड्रेनेज संबंधी शिफ्टिंग पर भी विचार किया जा रहा है।

बैठक में जीएमडीए के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विकास मलिक, एचएसवीपी के अधिकारी राकेश सैनी, एमसीजी के ज्वाइंट कमिश्नर विशाल, जीएमआरएल की मुख्य आर्किटेक्ट नम्रता कलसी के अलावा डीएचबीवीएन व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## जानकारी

# कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करती है बाजरे की खिचड़ी

आजकल कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना, हाई ब्लड प्रेशर और वजन का बढ़ना बहुत ही आम बात हो गई है। ऐसे में आपको अपने खानपान में सावधानी बरतनी बेहद जरूरी होती है। यही कारण है कि डाक्टर प्रोसेस्ड और जंक फूड के सेवन से दूर रहने की सलाह देते हैं। आप अपनी डाइट में इन सब चीजों के बजाय ऐसे खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थों को शामिल करें, जो कि आपके लिए स्वस्थ हों और आपको बीमारियों से दूर रखें। साबुत अनाज को बहुत ही स्वस्थ माना जाता है। ऐसे में आप अपने आहार में बाजरा जैसे साबुत अनाज, जो कि फाइबर से भरपूर होते हैं, उन्हें शामिल करें। इसमें विटामिन और खनिज जैसे पोषक तत्व होते हैं और यह मोटापे को कम करने के साथ मधुमेह के रोगियों के लिए यह बेहतर आहार है। अगर बाजरे से बनी खिचड़ी को अपनी डाइट में शामिल किया जाए, तो यह आपके बेहद फायदेमंद होगी।



### बाजरे की खिचड़ी की रेसिपी

- सफेद चावल की तुलना में यह अधिक फाइबर युक्त अनाज है, जो कि खिचड़ी के रूप में पकाया जाने पर, मधुमेह रोगियों के लिए एक अच्छा और स्वस्थ व्यंजन माना जाता है। बाजरे की खिचड़ी और दाल प्रोटीन व फाइबर से समृद्ध है।
- इसके लिए आप सबसे पहले 2 कप बाजरे को साफ कर इसका भूसा निकालकर धो लें।
- अब 1 कप धुली हुई मूंग दाल लें और बाजरें के साथ डालकर पर्याप्त पानी के साथ पकाने रख दें। 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में कुक करें।
- अब आप एक पैन में 2 चम्मच घी डालें और गर्म करें। अब इसमें जीरा, हींग, धनिया पाउडर, गरम मसाला और मिर्च पाउडर डालें।
- जब जीरा भुन जाए, तो बाजरे और दाल का उबला हुआ मिश्रण डालें और अच्छे से मिलाएं। इसको 2-3 मिनट तक उबालें और फिर हरा धनिया डाल कर परोसें।

### कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए फायदेमंद है बाजरा

फाइबर से भरपूर बाजरा आपके कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे आप दिल संबंधी बीमारियों से दूर रहते हैं। यह शरीर मे बैड कोलेस्ट्रॉल को दूर करके कोलेस्ट्रोल के स्तर को नियंत्रित करने और धमनियों के अवरुद्ध होने से रोकने में मदद करता है। जिससे आप हार्ट अटैक जैसी दिल की घातक बीमारियों से दूर रहते हैं। इसके अलावा बाजरा कई और बीमारीयों से बचाने में भी मदद करता है।

### पाचन को दुरूस्त व एनर्जी

बाजरा ऐसा अनाज है, जो कि आपको एनर्जी देने के साथ आपके वजन को कम करने में भी मददगार है। इसलिए यदि आप बाजरे से बनी खिचड़ी का सेवन करते हैं, तो यह आपके वजन को कंट्रोल रखेगा। बाजरे की खिचड़ी से आपकी भूख शांत रहेगी, जिससे वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है.

### ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रखे

बाजरा आपके लेवल ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह मौजूद मैग्नीशियम और पोटैशियम का भी अच्छा स्त्रोत है,जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मददगार है। इसके अलावा, बाजरा में कार्बोहाइड्रेट की उपस्थिति के कारण, यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मददगार है। यह आपकी आंत के लिए भी लाभकारी है। इसमें धीरे-धीरे पचने वाले स्टार्च की उपस्थिति के कारण यह डायबिटीज में सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इसके अलावा, बाजरा मैग्नीशियम से समृद्ध है, जो कि मधुमेह खतरे को कम करने में मदद कर सकता है।



# अंधेपन का कारण न बन जाए ट्रेकोमा

आंखों की कुछ गंभीर बीमारियों में शामिल ट्रेकोमा कई बार अंधेपन का कारण बन जाता है। इसमें साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। आखिर क्या है यह बीमारी और इससे बचाव के क्या हैं उपाय, विशेषज्ञ से बातचीत कर आधारित

आंखों की होने वाली बीमारियों में एक ट्रेकोमा भी है। यह कंजंक्टिवाइटिस की तरह होने वाली संक्रामक बीमारी है, जो क्लैमाइडिया ट्रेकोमैटिस बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण होती है। अगर समुचित इलाज न किया जाए या संक्रमण लंबे समय तक बना रहे, तो इससे आंखों की रोशनी भी जा सकती है। तभी इसे दुनियाभर में संक्रामक अंधेपन या नजर कमजोर होने का प्रमुख कारण माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, आज दुनियाभर में लगभग 14 करोड़ लोग ट्रेकोमा संक्रमण का शिकार हैं और ट्रेकोमा ब्लाइंडनेस के रिस्क पर हैं। हालांकि भारत में ट्रेकोमा के शिकार लोगों का प्रतिशत 0.7 से भी कम है। 2017 में भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया गया था, लेकिन इसकी अनदेखी बिल्कुल भी उचित नहीं है।



### इसमें क्या होता है

ट्रेकोमा बैक्टीरिया आंखों की ऊपरी पलक की अंदरूनी सतह कंजंक्टाइवा और कॉर्निया को प्रभावित करता है। संक्रमण होने पर आंखों की पलकों में धीरे-धीरे घाव होने लगता है और वह अंदर की तरफ मुड़ जाता है, जिसे ट्राइकियासिस कहा जाता है। अंदर मुड़ी पलकें कॉर्निया की सतह से रगड़ खाती हैं, जिससे आंखों में डिस्चार्ज के साथ तेज दर्द भी रहता है। दर्द से बचने के लिए मरीज अपनी पलकें बाहर निकालने की कोशिश करता है। समुचित उपचार न कराए जाने पर संक्रमण बढ़ता जाता है, जो कॉर्निया को नुकसान पहुंचाता है। इसमें कॉर्निया सिकुड़ने लगता है, जिससे नजर कमजोर होती जाती है और अंधेपन की स्थिति भी आ जाती है।

### कैसे होती है पहचान

प्रभावित व्यक्ति की आंखों में किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर अपने मरीज की केस हिस्ट्री जानने के साथ आंखों और पलक झपकने की जांच करते हैं।

### लक्षण को जानें

#### बैक्टीरियल संक्रमण होने के बाद ट्रेकोमा के लक्षण

5-10 दिन के भीतर शुरू होते हैं। बैक्टीरिया आमतौर पर दोनों आंखों को प्रभावित करते हैं। हल्की खुजली और आंखों में जलन, पलकों खासकर ऊपरी पलक और लिम्फोमा नोड में सूजन, पलक के अंदर की ओर छोटी-सी सफेद गांठ, हल्का दर्द, लालिमा आ जाती है। पानी डिस्चार्ज होता है, रगड़ने पर निशान पड़ते हैं।

### क्या हैं कारण

ट्रेकोमा बैक्टीरिया संक्रमित व्यक्ति की आंख, नाक और गले से निकलने वाले डिस्चार्ज के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से फैलने के कारण होता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में आसानी से फैलता है। संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने, कपड़े या निजी चीजें शेयर करने और संपर्क में आने पर बैक्टीरिया दूसरे व्यक्ति के शरीर में पहुचते हैं। यह पीड़ित व्यक्ति के डिस्चार्ज पर बैठी मक्खियों के माध्यम से दूसरे व्यक्ति तक फैल सकता है। खासतौर पर ट्रेकोमा बैक्टीरिया की चपेट में खराब वातावरण में रहने, सामुदायिक स्वच्छता के अभाव, साफ पानी की कमी, शौचालय की समुचित व्यवस्था न होने, पर्सनल हाइजीन का ध्यान न रखने वाले व्यक्ति ज्यादा आते हैं। छोटे बच्चे इसके सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। ट्रेकोमा बैक्टीरिया संक्रमण पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में चार गुना ज्यादा मिलता है, क्योंकि वे संक्रमित बच्चे के संपर्क में ज्यादा रहती हैं। कई मामलों में नवजात शिशु में होने वाला कंजंक्टिवाइटिस रोग ट्रेकोमा संक्रमित मां के कारण होता है।

### क्या हैं उपचार

- डब्ल्यूएचओ ने 2025 तक दुनियाभर में ट्रेकोमा की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य रणनीति विकसित की है। इसे उन्होंने सेफ नाम दिया है। इसके तहत एस यानी सर्जिकल देखभाल, ए यानी एंटीबायोटिक्स, एफ यानी चेहरे की सफाई और ई यानी साफ-सफाई युक्त अच्छा पर्यावरण या वातावरण ।
- मरीज की स्थिति के हिसाब से एजिथ्रोमाइसिन एंटीबायोटिक की सिंगल ओरल डोज दी जाती है, जिसे कम से कम 3 साल तक ।
- 6 महीने में दोहराया जाता है। यह मेडिसिन बैक्टीरिया को नष्ट करने, संक्रमण के उपचार और बीमारी के प्रसार को कम करने के लिए दी जाती है। एंटीबायोटिक्स केवल मरीज को ही नहीं, परिवार के दूसरे सदस्यों को भी दी जाती है। जिन क्षेत्रों में ट्रेकोमा के मरीज ज्यादा हैं, वहां बड़ेपैमाने पर इलाज की जरूरत होती है। पूरे समुदाय के लोगों पर नजर रखी जाती है।
- पलक में ज्यादा विकृति आने पर सर्जरी करके पलक को ठीक किया जाता है, ताकि पलकों के रगड़ने से आई-बॉल को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे।
- ट्रेकोमा संक्रमण के जोखिम और पुनः संक्रमण को कम करने के लिए मरीज को ही नहीं, पूरे समुदाय के लिए समुचित कदम उठाने की योजना बनाई जाती है।

**(नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल सेठ )**

## सुझाव

# ब्लड शुगर लेवल को तुरंत कंट्रोल करती है लाल प्याज



डायबिटीज रोगियों को ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखना मुश्किल होता है। ऐसे में आपको इस बात का बहुत ध्यान रखना जरूरी है कि क्या खाएं और क्या नहीं। आपको अपने ब्लड शुगर लेवल की समय-समय पर जांच जरूर करनी चाहिए। क्योंकि इससे आपके खानपान के प्रभावों का पता चलता है। मधुमेह को स्वाभाविक रूप से नियंत्रित करने के लिए, अपने आहार में ऐसे भोजन को शामिल करने की सलाह दी जाती है जो ब्लड शुगर को कम कर सकते हैं। रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना आवश्यक है क्योंकि अगर इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो गंभीर स्थिति पैदा हो सकती हैं।

यदि आप ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने के लिए सर्वोत्तम खाद्य पदार्थों की तलाश कर रहे हैं, तो आप इसके लिए प्याज की मदद ले सकते हैं। प्याज आपकी रसोई का घटक है जो आपको मधुमेह से प्रभावी रूप से लड़ने में मदद कर सकता है। प्याज हर भारतीय रसोई का एक अनिवार्य हिस्सा है जिसे लगभग हर कोई अपने भोजन में शामिल करता है। अब आपको बस इतना करना है कि अपने आहार में प्याज को शामिल करें।

### लो-ग्लाइसेमिक इंडेक्स

प्याज लो-ग्लाइसेमिक फूड है जिसे आप अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। ग्लाइसेमिक इंडेक्स रक्त शर्करा के स्तर पर कंज्यूम किए गए भोजन के प्रभाव का वर्णन करता है। जिन खाद्य पदार्थों में 55 से कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, उन्हें मधुमेह के लिए अच्छा माना जाता है क्योंकि वे रक्त में बहुत अधिक शर्करा नहीं छोड़ते हैं। प्याज का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 10 से कम है जो डायबिटिक के लिए बहुत अच्छा है।

### कार्ब्स में कम

प्याज में बहुत कम कार्ब्स होते हैं। बहुत अधिक कार्ब्स का सेवन किसी के ब्लड शुगर लेवल के लिए अच्छा नहीं है। यदि आप बहुत अधिक कार्ब्स खाते हैं, तो आपको टाइप-2 डायबिटीज होने का अधिक खतरा है। आधा कप कटा हुआ प्याज में केवल 5.9 ग्राम कार्ब्स होते हैं। तो Lo-carb आपको प्रभावी ढंग से मधुमेह का प्रबंधन करने में मदद कर सकती है।

### फाइबर में अधिक

डायबिटीज के लिए फाइबर बेहद फायदेमंद है। यह ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। प्याज भी फाइबर से भरपूर होते हैं जो उन्हें मधुमेह रोगियों के लिए एक आदर्श घटक माना जाता है। फाइबर आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा और पेट से संबंधित आपकी सभी समस्याओं को दूर रखेगा। प्याज का नियमित सेवन आपको कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।

### मधुमेह के लिए प्याज का सेवन कैसे करें

बेहतर ब्लड शुगर लेवल के लिए आपको कच्चा प्याज खाना चाहिए। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि आप लाल प्याज चुनते हैं। आप कच्चा प्याज अपने लंच के साथ-साथ रात के खाने में भी खा सकते हैं। यदि आपको सलाद पसंद है तो आप इसे अपने सलाद में शामिल कर सकते हैं। कच्चा प्याज आपके सैंडविच में भी मिलाया जा सकता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## हमें भी लगती है ठंड!



यह ठंड का मौसम है जनाब! यहां गर्मी का अहसास और जीने के लिए हमें भी चाहिए आग। फोटोः समाचार गेट

## फिल्म वर्ग पहेली- 3408

**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3407**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ता | | रो | श | नी | | धू | म |
| क्स | | क | सौ | टी | | ल | ज्जा | | स्त |
| | अं | त | | क | स | म | | भा | |
| जो | श | | कं | प | नी | | आ | र | जू |
| रू | | दि | | ड़ा | | जी | न | त | |
| का | ज | ल | | औ | र | त | | | पा |
| गु | | ज | रू | र | त | | पा | ल | की |
| ला | ड़ | ला | | म | न | | य | | जा |
| म | | | शा | का | | जा | ल | | |
| | फ | र | दी | न | खा | न | | फि | दा |

## सूडोकु -3408

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3407 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3408

**बाएँ से दाएँ**

1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40.वहम,संदेह-2

**शब्द पहेली -3407 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | ग्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |

# मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल : विश्राम कुमार मीणा

**जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता**

**आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख रुपये तक मिलेगा लाभ**

**आवेदक साल में केवल एक बार ही ले सकेंगे आर्थिक सहायता**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को उपायुक्त कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल -अचल संपतति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपतति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली रिपोर्ट्स को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पूर्व प्रक्रिया की विषमताओं को देखते हुए इस प्रकिया को आम जनता के लिए सरल बनाने के साथ ही समयबद्ध भी किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में इलाज करवा रहा है और वह चाहता है कि उपचार की राशि सीधे अस्पताल को मिले तो वह संबंधित अस्पताल की बैंकिंग डिटेल्स भी सांझा कर सकता है।

**आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत, अधिकतम एक लाख रुपए तक मिलेगा लाभ**

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

# हरियाणा सरकार के आम बजट 2025 को लेकर ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

## कोई भी व्यक्ति बजट को लेकर दे सकते हैं अपने सुझाव



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार द्वारा आम बजट 2025 को लेकर ऑनलाइन सुझाव मांगे हैं। कोई भी नागरिक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरकार के आम बजट को लेकर अपने सुझाव दे सकता है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि विधानसभा का बजट सत्र फरवरी में प्रस्तावित है।

प्रदेश सरकार द्वारा बजट में आमजन की भागीदारी को बढ़ाने के लिए इस बार नई पहल की है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति बजट को लेकर वित्त विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने सुझाव दे सकेगा। उपायुक्त ने बताया कि सुझाव के लिए बाकायदा क्षेत्रवार जरूरतों के अनुसार आर्थिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक तीन प्रमुख श्रेणियां बनाई गई हैं। इनके तहत सामाजिक कल्याण, पुलिस, स्कूल एजुकेशन, हायर एजुकेशन, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, मेडिकल हेल्थ एवं रिसर्च, महिला एवं बाल विकास आदि विषयों पर नागरिक द्वारा सुझाव दिए जा सकेंगे।

**ऐसे दिए जा सकते सुझाव :** हरियाणा सरकार के आम बजट 2025 को लेकर सुझाव देने के लिए वित्त विभाग की साइट https://finhry.gov.in/ पर लिंक उपलब्ध करवाया गया है।

इसके अलावा सीधे https://bamsharyana.nic.in/bs.aspx यूआरएल पर जाकर भी सुझाव दिया जा सकता है। निर्धारित कॉलम में अपना नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिसके बाद आपके मोबाइल पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आएगा। ओटीपी सत्यापन होने पर आपको आर्थिक क्षेत्र की तीन श्रेणियों में से किसी एक का चयन कर सब कैटेगरी भी चुननी होगी। इसके बाद आप निर्धारित बॉक्स में 100 शब्दों के अंदर अपने सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

# समाधान शिविर में आई शिकायतों के निवारण के दिए निर्देश

## समाधान शिविर में शुक्रवार को आई 4 शिकायतें : नगराधीश अशोक कुमार



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रतिदिन आयोजित हो रहे समाधान शिविर की निरंतरता में शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अशोक कुमार ने शिकायतें सुनी। शुक्रवार को समाधान शिविर में कुल 4 शिकायतें सामने आई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में आई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। नगराधीश अशोक कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में कुछ शिकायतें जैसे पार्क बनावने, सडक़ बनवाने सहित ऐसी कई शिकायत भी आ रही है तथा ऐसी शिकायतों को मुख्यमंत्री लेवल पर चंडीगढ़ भेजा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित समाधन शिविर में प्रमुख तौर पर प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, बिजली - सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड जैसी तमाम समस्याओं को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के समाधान की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय व मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर के तहत एक छत के नीचे सभी विभागों की शिकायतों का यथासंभव निपटारा करवाया जा रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# नशे के विरुद्ध अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम

## जो खाते हैं नशे की गोलियां, वे सहते हैं जग की बोलियां- डॉ अशोक कुमार वर्मा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**मेवात/नूंह।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रतिदिन नशा मुक्त हरियाणा अभियान के द्वारा लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज पुन: मेवात में पहुंचे हुए थे। सबसे प्रथम वे साइकिल के साधन से सीधे झामुवास पहुंचे और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थान के प्राचार्य रतन लाल पुनिया की अध्यक्षता में 221 छात्र छात्राओं और अनुदेशकों ने भाग लिया। तत्पश्चात वे हसनपुर पहुंचे और राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमे 60 स्वयंसेवकों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षा सुमन यादव जी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने दोनों स्थानों पर आयोजित नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में गहनता से व्याख्यान देते हुए कहा कि नशा एक बुराई है- जीवन की सच्चाई है। पोस्त अफीम भांग का नशा- करता है जीवन की दुर्दशा। जो खाते हैं नशे की गोलियां- वे सहते हैं जग की बोलियां। हम सबकी एक ही मांग- बंद करो भुक्की और भांग। हम सभी ने ठाना है- नशे को भगाना है। नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। नशा होता अच्छा तो पिता कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। उन्होंने छात्र छात्राओं से जीवन में कोई नशा न करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के अंत में दोनों प्राचार्यो ने धन्यवाद किया।

# उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने की आमजन से शीतलहर के मद्देनजर सावधानी बरतने की अपील



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, इस सम्बन्ध में हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है।

बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लोगों से सचेत होकर शीतलहर आपदा से बचाव का आह्वान किया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालिन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध हो। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोधित सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने। शरीर की गर्मी बचाए रखने के लिये टोपी एवं जलरोधी जूतो का प्रयोग करें। सिर को ढंके क्योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है और अपने फेफड़ो की सुरक्षा के लिये अपना मुहं ढक कर रखें। गर्म तरल पदार्थ नियमित कप से पिएं, इससे ठंड से लड़ने के लिये शरीर की गर्मी बनी रहेगी।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शरीर में उष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिये पोष्टिक आहार अवश्य लें एवं निर्जलीकरण से बचने के लिए शराब आदि का सेवन ना करें। शीतंदश होने पर चिकित्सक की सलाह ले जैसे संवेदनशून्यक सफेद अथवा पीले पड़े हाथ और पैरो की उंगलिया , कान की लौ तथा नाक की उपरी सतह इत्यादि। हाईपोथर्मिया (शरीर का तापमान समान्य से कम) होने जैसे अनियंत्रित कांपना , बोलने में दिक्कत, अनिंद्रा, मांसपेशियों में अकड़न, सांस लेने में दिक्कत इत्यादि पर चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

### गरीबी के आंकड़ों ने उजागर कर दी बीजेपी की नाकामी : हुड्डा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी सरकार की कारगुजारी को खुद उसी के आंकड़े उजागर कर रहे हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि भाजपा राज के दौरान हरियाणा देश का सबसे गरीब राज्य बन गया है, जहां 75% आबादी गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर कर रही है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की कुल आबादी 2 करोड़ 80 लाख है। यह बेहद दुखद है कि इसमें से 2 करोड़ 11 लाख लोगों को बीजेपी ने गरीब की दलदल में धकेल दिया है। इनके बीपीएल होने का मतलब है कि इतनी बड़ी आबादी को बीजेपी सरकार उचित रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पानी, उचित स्वच्छता और सुरक्षित आवास नहीं दे पा रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा सत्र में भी इस मुद्दे को उठाया था। उस वक्त हरियाणा में 70% आबादी बीपीएल दिखाई गई थी। सरकार ने इसकी जांच करने की बात कही थी। लेकिन जांच के बाद यह आंकड़ा 5% और बढ़ गया। यानी प्रदेश में गरीबी बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है।

# सेक्टर 3-के को गंदगी मुक्त कराया जाएगा: करण सिंह भदोरिया



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर करण सिंह भदोरिया ने आज सेक्टर 3 में सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और बल्लभगढ़ क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदोरिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सरकार के नेतृत्व में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशानिर्देशों पर उन्होंने बल्लबगढ़ सेक्टर 3 और उसके आसपास के क्षेत्र का दौरा किया।

जॉइंट कमिश्नर बल्लभगढ़ करण सिंह भदोरिया ने कहा कि उन्होंने यहां कई जगह पर कूड़े जैसे सीएंडवी वेस्ट के ढेर पड़े हुए देखे हैं जिन्हें जल्द हटवाकर सेक्टर 3 के को गंदगी मुक्त कराया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने सेक्टर वासियों से भी अपील की है कि वह खुले में जगह-जगह कूड़े को ना डालें, क्योंकि नगर निगम के पास बल्लभगढ़ में पर्याप्त कूड़ा उठाने के संसाधन मौजूद हैं, जल्द ही खुले में पड़े सीएंडवी वेस्ट को उठवा लिया जाएगा।

मौके पर सेक्टर के निवासियों को आस्वासन दिया की शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा,सेक्टर 3 रेजिडेंस वेलफेयर के प्रधान ब्रह्मपाल खटाना,पीएल शर्मा,नवीन चेचि और सफाई निरीक्षक बृजमोहन शर्मा सहित सेक्टरवासी भी मौजूद रहे।

# तीसरे दिन कश्मीरी युवाओं ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद द्वारा आयोजित कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन कश्मीरी युवाओं ने दिल्ली की जामा मस्जिद और कुतुबमीनार सहित दिल्ली-एनसीआर में स्थित भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया।

इस दौरान युवाओं को इन स्थलों से सम्बंधित इतिहास से भी अवगत कराया गया। नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद की जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने कहा कि कश्मीर घाटी में युवा लोगों के बीच से चुने गए प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और शांति के समर्थकों के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करना और संवेदनशील बनाना और देश में स्थित सांस्कृतिक, औद्योगिक, ऐतिहासिक, धार्मिक और शैक्षणिक हित के विभिन्न स्थानों की यात्रा करने के लिए प्रतिभागियों को अवसर प्रदान कर देश की विभिन्न संस्कृतियों से अवगत कराना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस अवसर पर नित्यानंद यादव, करिश्मा, कांता, पुष्पेंद्र ठाकुर, हिमांशु भट्ट, विजयपाल, देवानंद, किरपण, निशा, वंदना, हर्ष, यूथ लीडर व युवा शामिल रहे।

## संपादकीय

# राजनीतिक बयानबाज़ी में महिलाएं निशाने पर क्यों ?




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

महिलाओं की मर्यादा और सशक्तिकरण की पैरवी करने वाले नेता चुनाव आते ही सब कुछ भूल जाते हैं। नेता महिलाओं को चुनाव के दौरान हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने से बाज नहीं आते। महिलाओं के लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग करने में किसी भी दल के नेता पीछे नहीं हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दल अपने नेताओं का व्यक्तिगत बयान कह कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में यदि नेता को लगता है कि ज्यादा विवाद हो गया है और इससे विशेषकर महिला वोटों का नुकसान हो सकता है तो बेशर्मी के साथ माफी मांग ली जाती है। ऐसे भी नेताओं की कमी नहीं है जिन्हें महिलाओं के प्रति ओछी टिप्पणी करने पर किसी तरह आत्मग्लानि नहीं होती, उल्टे वे रावण की तरह अहंकारी बन कर माफी मानने से साफ इंकार कर देते हैं।

महिलाओं के प्रति किए गए अपमान की इस फेहरिस्त में एक ओर नेता का नाम जुड़ गया है। भाजपा के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधुड़ी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद वह क्षेत्र की सड़कों को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना देंगे। हालांकि, बाद में उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा यदि उनकी टिप्पणियों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद प्रकट करते हैं। प्रियंका गांधी पर की गई भद्दी टिप्पणी पर भाजपा के मौन साधने से विधूड़ी के हौसले और बुलंद हो गए। इसके बाद दिल्ली के रोहणी में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री आतिशी पर निजी हमला करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी जो कि मारलेना थीं, अब वह सिंह बन गई हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने पिता को बदल दिया। बिधूड़ी ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी के चरित्र को दर्शाता है। बिधूड़ी के कथित बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा, भाजपा महिला विरोधी है, यह एक खुला रहस्य है और यह चिंता का विषय है कि यही भाजपा दिल्ली की कानून व्यवस्था की प्रभारी है।

सार्वजनिक जीवन में महिलाएं पहनावे, वजन, रूप रंग या बर्ताव को लेकर भी अक्सर और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाज़ी में महिलाओं को निशाना बनाया जाता रहा है। वर्ष 2012 में नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली में कांग्रेस नेता शशि थरूर की पत्नी सुनंदा थरूर के बारे में कहा था कि वाह क्या गर्लफ्रेंड है। आपने कभी देखी है 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड। इस पर पलटवार करते हुए शशि थरूर ने जवाब दिया था कि मोदी जी मेरी पत्नी 50 करोड़ की नहीं बल्कि अनमोल है, लेकिन आप को यह समझ में नहीं आएगा क्योंकि आप किसी के प्यार के लायक नहीं हैं। वर्ष 2012 दिसंबर में दिल्ली में निर्भया गैंगरेप के बाद पश्चिम बंगाल के जांगीपुर से कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने इस मुद्दे पर कहा था कि विरोध में प्रदर्शनों में हिस्सा ले रही छात्राएं सजी-संवरी महिलाएं हैं, जिन्हें असलियत के बारे में कुछ नहीं पता। मुखर्जी ने कहा कि ये सजी संवरी महिलाएं पहले डिस्कोथेक में गईं और फिर इस गैंगरेप के खिलाफ़ विरोध दिखाने इंडिया गेट पर पहुंची। हालांकि इसके बाद सांसद मुखर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफ़ी मांग ली थी। वर्ष 2018 में जया बच्चन को समाजवादी पार्टी की ओर से राज्य सभा में फिर से नामांकित किया गया तो भाजपा नरेश अग्रवाल ने जया बच्चन को फिल्मों में नाचने वाली बताया। इसी तरह वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आधार पर बयान के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी की हंसी पर मुस्कुराते हुए कहा था कि सभापति जी रेणुका जी को आप कुछ मत कहिए रामायण सीरियल के बाद ऐसी हंसी सुनने का आज सौभाग्य मिला है। बाद में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री किरण रिजीजू ने फ़ेसबुक पर एक वीडियो शेयर कर रेणुका चौधरी की हंसी की तुलना रामायण के किरदार शूर्पणखा से कर डाली। इसके बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने रामायण में शूर्पणखा की नाक काटे जाने का दृश्य भी ट्विटर पर शेयर किया। वर्ष 2018 में राजस्थान में चुनावी सभा में जनता दल (यू) के नेता शरद यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर व्यक्गित टिप्पणी कर दी। यादव ने कहा कि इन्हें आराम दो, बहुत थक गई हैं। बहुत मोटी हो गई है, पहले पतली थी। इस पर वसंधुरा राजे ने कड़ा एतराज़ जताते हुए कहा कि वे इस बयान से अपमानित महसूस कर रही हैं। जद नेता शरद यादव की कमान से महिलाओं के प्रति फूहड़ अंदाज का ऐसा तीर पहली बार नहीं निकला। जून 1997 में संसद में महिला आरक्षण बिल पर बहस में यादव ने कहा था कि इस बिल से सिर्फ़ परकटी औरतों को फ़ायदा पहुंचेगा। परकटी शहरी महिलाएँ हमारी (ग्रामीण महिलाओं) का प्रतिनिधित्व कैसे करेंगी। गौरतलब है कि शरद यादव को सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवॉर्ड मिल चुका है। महिलाओं पर विवादित बयानों की ये फ़ेहरिस्त लंबी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादवन ने निर्भया बलात्कार कांड के बाद बयान दिया था कि लड़कों से ग़लती हो जाती है और इसके लिए उन्हें मौत की सज़ा नहीं देना चाहिए। इस काफी बवाल हुआ था। महिलाओं के प्रति अपमानजनक बोल बोलने के मामलों में सर्वाधिक आश्चर्य तो महिला आयोगों की भूमिका पर होता। महिला आयोग चाहे राज्य स्तर के हो या राष्ट्रीय स्तर के, सभी चुप्पी साधे रहते हैं। इन्हें महिलाओं के अपमान, दुर्व्यवहार की कोई चिंता नहीं हैं। चुंकि आयोगों में पदाधिकारियों की नियुक्यिां सत्तारुढ़ राजनीतिक दलों की ओर से की जाती है, ऐसे में आयोग सत्तारुढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस नहीं जुटा पाते। देश के मतदाताओं को महिलाओं की बेइज्जती करने वाले नेताओं को सबक सिखाना चाहिए ताकि दूसरे नेता भी इससे सीख ले सकें कि निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए महिलाओं के सम्मान से समझौता करने वाला का हश्र क्या होता है। यही एकमात्र तरीका है जिससे नेताओं की जुबान पर लगाम लगाई जा सकती है।

# नपा चुनाव में उतरने वाले प्रत्याशियों को सर्दी में बहाना पडेगा पसीना

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** 'स्थानीय सरकार' के चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशी घरों से निकल पडे हैं। फरवरी माह में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है, जिसके चलते चुनाव मैदान में कूदने वाले प्रत्याशियों ने अभी से सर्दी के मौसम में पसीना बहाना शुरू कर दिया है। नगर पालिका कनीना के चुनाव को लेकर मतदाता सूचि अपडेट करने का कार्य पूरा किया जा चुका है। नगर पालिका कनीना व अटेली के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। इस बारे में नपा सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि बीती 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। 14 वार्डों के लिए 10419 मतदाता हैं। जो स्थानीय सरकार का चुनाव करेगें।

# ककराला में महिला सरपंच व पंच ने करवाया क्रॉस केस दर्ज

## सैंकडों ग्रामीणों ने महिला पंच के समर्थन में किया थाने का घेराव, आज डीएसपी करेगें पूरे प्रकरण की जांच

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव ककराला में महिला सरपंच व दिव्यांग महिला पंच की ओर ओर से दर्ज करवाए गए क्रॉस पुलिस केस को लेकर शुक्रवार को सैंकडों ग्रामीण कनीना शहर थाना पंहुचे ओर घेराव किया। ग्रामीणों ने महिला सरपंच द्वारा दिव्यांग महिला के पति के विरूध बीती 20 दिसंबर 2024 को गांव के पंचायत भवन में आयोजित पंचायत में छेडखानी करने सहित जाति सूचक शब्द कहे जाने के आरोप लगाएग गए थे। जिस पर पुलिस ने एससी-एसटी सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। थाने में पंहुचे ग्रामीणों ने सरपंच द्वारा लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया ओर सरपंच पर ही दिव्यांग महिला पंच के पति को थप्पड मारने की बात कही। इन सब आरोपों की जांच के लिए डीएसपी कनीना द्वारा बुलाया गया था। लेकिन उनके नारनौल बैठक में चले जाने के कारण सैंकडों ग्रामीण सांय तक उनके आने का इंतजार करते रहे। उन्होंने बताया कि अब डीएसपी द्वारा शनिवार को इस प्रकरण की जांच ककराला गांव में जाकर करने को कहा गया है। ग्रामीणों ने सिटी थाना अध्यक्ष को बताया कि ककराला के पचायत भवन में ग्रामीणों के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनके नियमित संचालन के लिए सरपंच की ओर से बिजली उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। 20 दिसंबर को आयोजित पंचायत में कैमरे चलाने के लिए एक ग्रामीण से बिजली सप्लाई ली गई जिसे महिला सरपंच व उसके परिजनों ने धमकी दी। जिससे ग्रामीण व्यक्ति सहम गया। उन्होंने कहा कि पंचायत की कार्रवाई में पारदर्शिता लाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि महिला पंच की शिकायत पर पुलिस ने सरपंच, उसके पति व जेठ के खिलाफ केस दर्ज कराया है जबकि सरपंच ने पंच



क पंच के पति के खिलाफ संगीन धाराओ के तहत केस दज कराया है। इस मौके पर शांति लाला नम्बरदार, सोमदत्त यादव,डॉ रोहताश, रामेश्वर दयाल यादव, बिरेंद्र बोहरा, राजपाल पंच, संदीप कुमार, संदीप बबलू, रणबीर सिंह, श्रवण कुमार,आनंद सिंह, कंवर सिंह, मुनीलाल बोहरा, अनूप कुमारी, कौशल्या देवी,रिचा, सुरेश, मनीषा, माया देवी सहित अन्य ग्रामीण उपर्सथित थे।

वार्ड 4 की महिला पंच पूनम देवी ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह शत-प्रतिशत दिव्यांग है जो अपने पति धर्मेंद्र के साथ पंचायत की गतिविधियों में हिस्सा लेती है। इस बाबत उन्हें बीडीपीओ द्वारा अनुमति भी दी हुई है। बीती 20 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे पंचायत भवन ककराला में पंचायत की कार्रवाई जारी थी। जहां पंहुचकर उन्होंने ग्राम सचिव सरपंच पंचायत से कार्रवाई के बारे पूछा तो सरपंच नीलम देवी ने उन्हें थर्ड क्लास व्यक्ति की संज्ञा दी। सरपंच के पति सुदंर लाल ने कहा कि ये अंधी पंच गांव का क्या विकास करेगी। थर्ड क्लास व अंधी कहने पर उन्होंने ऐतराज जताया तो सरपंच नीलम देवी ने उसे थप्पड मारा उसके पति ने बचाव का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। राजपाल व रणधीर आदि ने उनका बीचबचाव कर उन्हें उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रैफर कर दिया। पुलिस ने सरपंच, उसके पति व जेठ के विरूध बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। ईधर सरपंच नीलम देवी ने कहा कि महिला पंच पूनम का पति धर्मेंद्र पंचायती द्वारा किए जाने वाले कार्यों में रोडा अटकाता है ओर पंचायती कार्रवाई को भी बाधित करता है।

# जल निकासी के स्थाई समाधान की कोशिश, अधिकारियों संग फिर आफताब की बैठक

## नूंह को मिले पूर्ण व साफ पानी : आफताब अहमद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने जिले में जलभराव के स्थाई समाधान के लिए इरिगेशन विभाग सहित फलड कंट्रोल के लिए अघिकारियों की बैठक कर स्थाई समाधान के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद ने इस संबंध में चल रहे कार्य की भी समीक्षा कर इसे तेज करने के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि जिले में कई जगह जल भराव के कारण फसल बुआई प्रभावित हुई है, दर्जनों गांव सैम ग्रस्त हैं जिससे वहां कि फसल प्रभावित हो रही है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि उन्होंने 42 ट्यूबवेल पांच गांवों के लिए मंजूर करा रखे हैं लेकिन बजट में सरकार 8 करोड रुपए देने में विलंब कर रही है। इसके साथ साथ दर्जनों गांव में जलभराव के स्थाई समाधान के लिए कार्य शुरू कराया लेकिन भाजपा सरकार जानबूझकर इसमें विलंब करती है। विधायक आफताब अहमद ने इन मामलों को मुख्यमंत्री, विधानसभा, जिला उपायुक्त, जिला अधिकारियों के समक्ष लगातार उठाया था जिसका असर भी जमीनी स्तर पर दिख रहा है लेकिन इसकी प्रगति दर काफी कम है। बीते दिनों



विधायक आफताब अहमद ने जल निकासी की समीक्षा की थी और इस बाढ़ नियंत्रण बैठक में काम की समीक्षा की। बैठक में नूंह शहर, दर्ज़नों गांवों में जल निकासी के स्थाई समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों से कहा कि तत्काल प्रभाव से कदम उठाकर ये सुनिश्चित किया जाए कि किसानों और लोगों को जल भराव का सामना ही नहीं करना पड़े।

बता दें कि इस बार मानसून में अत्याधिक बारिश के कारण पिछली खरीफ की फसल खराब हो गई और अब रबी की फसल भी प्रभावित हुई है। जिससे किसानों को गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। विधायक आफताब अहमद ने किसानों के लिए मुआवजे की मांग मुख्यमंत्री, विधानसभा और जिला उपायुक्त के समक्ष उठाई थी। विधायक ने अभी भी 2022 की फसल खराब के मुआवज़े को पूरा ना बांटने को लेकर कहा कि भाजपा सरकार किसान कल्याण के लिए गंभीर नहीं है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस मुआवजे को बांटने की मांग उठाई। बैठक में सैम ग्रस्त भूमि को उपजाऊ बनाने की दिशा में भी विधायक की अधिकारियों संग विस्तृत चर्चा हुई और इसके समय के लिए कार्य शुरू किया जा चुका है। बैठक में अत्याधिक प्रभावित गांवों जैसे दुबालू, गांगोली, किरा, छपेड़ा, छछेड़ा, आलदूका, बैंसी, सूडाका, गोलपुरी, कैराका, नौसेरा, कोंतलाका, कमरचंदका, जयसिंहपुर, बीबीपुर, उजिना, संगेल, आकेड़ा, कोटला, खेडला नूंह, नूंह शहर, ढेंकली, बझेड़ा, घासेड़ा, टाई, मछरौली, मालब, दिहाना, चंदेनी, मुरादबास, रिठौड़ा, शाहपुर नंगली सहित दो दर्जन से अधिक गांवों पर चर्चा हुई। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर आफताब अहमद और अधिकारियों के बीच चर्चा हुई, अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द स्थाई समाधान के लिये कार्य तेजी पकड़ लेगा।

विधायक आफताब अहमद ने पत्रकार सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा के लिए और विशेष कर नूंह के लिए पूरा पानी नहीं मुहैय्या करा पा रहे हैं। नूंह को जो पानी मिल भी रहा है उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार पंजाब से पानी नहीं ले पा रही और नूंह में पानी नहीं दे रही दूसरी तरफ हरियाणा के पानी को राजस्थान भेजा जा रहा है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के विपरीत कार्य कर रही है और उनकी मदद करने के बजाय उनकी समस्याओं को बढा रही है। इस दौरान स्थानीय जिम्मेदारी लोग विधायक संग बैठक में मौजूद थे।

# हादसे के आरोपी ट्रक चालक के विरूध केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर बुधवार सुबह घटित सडक हादसे में घायल हुए ट्रक चालक की शिकायत पर दूसरे ट्रक चालक के विरूध पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में ट्रक चालक प्रवीन कुमार निवासी फतेहपुरी, जिला झज्जर ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि झाडली से बाछोद जा रहा था। कनीना पंहुचा तो सामने से एक ट्रक ओवरटेक करता हुआ आया ओर उनके वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह घायल हो गया जिसे एसडीएच कनीना में दाखिल कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सैंटर रैफर कर दिया। परिजनों ने उसे रेवाडी के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। पुसिस ने घायल चालक प्रवीन की शिकायत पर हादसे के आरोपी ट्रक चालक के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 28 दिन से नहीं हो पाया बागोत का मोहित का अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बाागोत निवासी 26 वर्षीय युवक मोहित के शव का 28 दिन बाद भी अंतिम संस्कार नहीं हो सका। ईधर पीडित पिता न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार को हाईकोर्ठ चंडीगढ पंहुच गया है। आगाी क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी इस बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा 13 दिसंबर 2024 को फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 14 दिसंबर को कनीना अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा दिया था। मृतक युवक के पिता कैलाश चंद प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर अडे हुए हैं जबकि पुलिस इस सम्बंध में साक्ष्य उपलब्ध करवाने की बात कह रही है। इसी दांवपेच में उसका अंतिम संस्कार नहीं किया जा रहा है। बीते मंगलवार को कैलाशचंद ने पत्रकार सम्मेलन आयोजित कर प्रशासन द्वारा कार्रवाई न करने पर परिवार को बचाने के लिए सप्ताहभर बाद, 14 जनवरी को मकर सक्रांति के दिन जंगल में प्रस्थान कर जाने की चेतावनी दी थी। पिछले 28 दिन से मृतक युवक का शव एसडीएच कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिसमें संक्रमण पनप रहा है। कैलाशचंद को अब हाईकोर्ट से न्याय की उम्मीद है।

# बिजली कर्मचारियों ने नोवें दिन भी दिया धरना, मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बिजली चोरी रोकने के लिए गठित की गई छापेमार टीम से मारपीट करने के आरोपियों की गिरफतारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों का धरना शुक्रवार को 9वें दिन भी जारी रहा। उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।

धरने की अध्यक्षता महेश एएफएम ने की। अजीत सिंह ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कर्मचारियों द्वारा धरना दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को निगम कर्मियों की छापेमार टीम मोडी स्थित टोलवा की ढाणी में गई थी। टीम ने जैसे ही अपनी कार्रवाई शुरू की वैसे ही ग्रामीणों ने उन पर हमला बोल कर घायल कर दिया।


कनीना सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ उमेश वर्मा द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मुकद्मा नम्बर 188 दर्ज कर एक आरोपी नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बिजली कर्मचारी 2 जनवरी से निगम के एसडीओ कार्यालय के सामने धरना दे रहे हैं। उन्होंने आदोंलन करने को कहा है।

उनका कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

इस मौके पर शिवकुमार जिला प्रधान, सजन सिंह, राजेंद्र सिंह, हवासिंह, आनंद सिंह, शंकर लाल, सुनील कुमार,राकेश, संदीप, अजीत, संजय, शिशुपाल, लोकेश, मनोज सहित अन्य बिजली कर्मचारी उपर्सथित थे।

# पीडब्ल्यूडी वर्कर यूनियन की बैठक में तीन पदाधिकारियों की सद्स्यता रद्द करने का ऐलान

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन शाखा कनीना के सद्स्यों की बैठक शुक्रवार को कनीना के कान्हा पार्क में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार ने की। मंच का संचालन विजेंद्र शर्मा ने किया। जिला प्रधान ने कनीना शाखा प्रधान प्रमोद शर्मा, सचिव राजेश कलवाड़ी तथा कैशियर सतीश जांगड़ा पर गैर संगठनात्मक तरीके से चंदा एकत्रित कर गोलमाल करने का आरोप लगाया। इन आरोपों के चलते उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था। इस बारे में बीती 5 जनवरी को राहतक में भी बैठक आयोजित की गई थी। यूनियन ने तीनों पदाधिकारियों से पल्ला झाड लिया है। उन्होंने कहा कि इन तीनों सदस्यों की संगठन की प्राथमिक सदस्यता भी रद्द की जाएगी। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, नरेंद्र सिंह कनीना,सचिन रंगा, नवीन कुमार,राजेंद्र सिंह, सतीश कुमार ,पूरन सिंह, नरेश कुमार उपर्सथित थे।

# राजबीर फरटिया ने ढाणा जोगी में आयोजित बाबा बाड़ीनाथ क्रिकेट प्रतियोगिता व ब्लड डोनेशन कैंप में की शिरकत

**विजेताओं को राजबीर फरटिया द्वारा सम्मानित किया गया।**

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** लोहारू हल्के के कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने गांव ढाणा जोगी में बाबा बाड़ीनाथ क्रिकेट प्रतियोगिता व ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर बूढ़ा दौड़ और महिला दौड़ का आयोजन कर विजेताओं को राजबीर फरटिया द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए 51,000 की राशि प्रदान की और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।




'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## गणतंत्र दिवस समारोह- वीर गाथा 4.0 को जबरदस्त प्रतिक्रिया, देशभर में 1.76 करोड़ छात्र लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली । गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल वीर गाथा 4.0 के चौथे संस्करण को देश भर में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस वर्ष, लगभग 2.31 लाख स्कूलों के लगभग 1.76 करोड़ छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर सौ (100) विजेताओं का चयन किया जाता है। विजेताओं को चार श्रेणियों में विभाजित किया जाता है, जिनमें से प्रत्येक से 25 विजेता होते है। 5 सितंबर, 2024 को लॉन्च किए गए प्रोजेक्ट वीर गाथा 4.0 में निबंध और पैराग्राफ लेखन के लिए कई प्रेरक विषय प्रस्तुत किए गए। छात्रों को अपने चुने हुए रोल मॉडल के बारे में, विशेष रूप से वीरता पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए लिखने का अवसर मिला। । उन्हें रानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरक जीवन, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। विविध विषयों ने न केवल प्रविष्टियों की गुणवत्ता को बढ़ाया, बल्कि प्रतिभागियों की भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की समझ को भी व्यापक बनाया।

## नीतीश सरकार देगी पटना में तीन 5 स्टार होटल की सौगात

पटना। राजधानी पटना के लिए बिहार सरकार ने पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से यहां तीन नए पांच सितारा होटलों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की है। पर्यटन विभाग के बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत होटल पाटलिपुत्र अशोक, बांकीपुर बस स्टैंड और सुल्तान पैलेस के परिसर में पांच सितारा होटलों के निर्माण के लिए डेवलपर्स चयन के लिए ई-निविदा प्रकाशित की। बिहार पर्यटन विभाग के अनुसार पटना में तीन पांच सितारा होटल बनाने के प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने 10 सितंबर, 2024 को मंजूरी दी थी। अब प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निविदा प्रक्रिया से चुने जाने वाले डेवलपर्स को 90 साल के लिए पट्टा अधिकार दिए जाएंगे, जिसमें शुरुआती पट्टा अवधि 60 साल होगी, जिसे स्वचालित रूप से अतिरिक्त 30 साल तक बढ़ाया जा सकेगा। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी, 2025 है। बोलियां 11 फरवरी, 2025 को खोली जाएंगी। अत्याधुनिक निर्माण सुनिश्चित करने के साथ ही विरासत के संरक्षण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सुल्तान पैलेस की मौजूदा ऐतिहासिक संरचना को संरक्षित किया जाएगा और परिसर में एक पांच सितारा हेरिटेज होटल विकसित किया जाएगा। इन तीन पांच सितारा होटलों के निर्माण के बारे में पर्यटन विभाग ने कहा कि पर्यटकों की जरूरतों को पूरा करने और औद्योगिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए यहां लक्जरी होटलों का विकास जरूरी समझा गया। इसके साथ ही इनके निर्माण से न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में गगनचुंबी इमारतें गायब, दिन भर छाया रहा घना कोहरा

### -विजिबिलिटी जीरो, शनिवार-रविवार को हो सकती है बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के अन्य शहरों में बेहद घना कोहरा छाया रहा है। सुबह से यह स्थिति है कि दूर तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। ये हालात सिन्धु गंगा के मैदान का है, जो कोहरे के आगोश में समा गया। शुक्रवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा देखा गया। सैटेलाइट इमेज में देखा जा सकता है कि किस तरह इस पूरे इलाके में कोहरे की चादर छाई हुई है। दिल्ली, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक कोहरे के हालात ऐसे ही नजर आ रहे हैं। विजिबिलिटी जीरो है। इसके अलावा पूर्वी यूपी में हालात कुछ बेहतर हैं। गौतमबुद्ध नगर में गगनचुम्बी इमारतें भी दिखाई नही दे रही हैं। यहां विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को छाए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आज का तापमान न्यूनतम 6 डिग्री तक रहेगा और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। बता दें कि शनिवार और रविवार को दिल्ली में बारिश हो सकती है।

## स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भेजने वाला निकला छात्र, नहीं देना चाहता था टेस्ट

### -दिसंबर में ही 100 से ज्यादा स्कूलों को झूठे धमकी भरे ईमेल भेजे गए

नई दिल्ली। दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ने वाला गिरफ्तार हो गया है। उसने 23 स्कूलों को ईमेल भेज कर धमकी दी थी। यह धमकी देने वाला कोई शातिर अपराधी नहीं बल्कि 12वीं में पढ़ने वाले छात्र है। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसने कबूल किया है कि पहले भी वह इस तरह के ईमेल भेज चुका है। डीसीपी साउथ ने बताया कि आरोपी छात्र ने पूछताछ में बताया कि उसने दिल्ली के अलग-अलग स्कूलों को 23 ईमेल भेजे थे। इन ईमेल्स में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। नाबालिग आरोपी ने बताया कि वह स्कूल में टेस्ट नहीं देना चाहता था और इसे कैंसल कराने के लिए उसने धमकी वाले ईमेल का तरीका निकाला और धमकी दे दी। पुलिस अभी उससे और जानकारी एकत्रित कर रही है। पिछले साल दिल्ली में कई बार स्कूलों में धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे, जिनकी वजह से जहां अभिभावक बेहद डर गए थे तो स्कूलों में छुट्टी करानी पड़ती थी। दिल्ली पुलिस भी स्कूलों की जांच में परेशान हो गई थी। सिर्फ दिसंबर में ही 100 से ज्यादा स्कूलों को इस तरह के झूठे धमकी भरे ईमेल भेजे गए। पिछले महीने रोहिणी के एक स्कूल में बम की धमकी भेजने वाले भी स्कूल के ही दो छात्र निकले थे।

# मौसम की मार: यूपी-बिहार में गलन वाली ठंड, दिल्ली में घने कोहरे के चलते घर निकलना मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरा उत्तर भारत ठंड और घने की कोहरे की चपेट में हैं। उप्र और बिहार में गलन वाली ठंड है। यहां घर से बाहर निकलने पर ऐसा लगता है कि हाथ ठंड से गल जाएंगे। वहीं दिल्ली और एनसीआर में घना कोहरा होने के कारण लोगों को घर से न निकलने की चेतावनी दी गई है। राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में तापमान लगभग शून्य डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दोपहर में धूप खिलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली में जनवरी महीने में पहली बार न्यूनतम पारा पांच डिग्री से नीचे आया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा देखने को मिलेगा। आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में भी कड़ाके की ठंड जारी है। कोहरे से भी आम जनजीवन प्रभावित है। आईएमडी ने कई जिलों में कोल्ड डे जारी किया है। नोएडा-गाजियाबाद के लोग भी कड़ाके की ठंड से परेशान हैं। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि अगले कुछ मौसम साफ



रहने के आसार है। वहीं बिहार में सर्द पछुआ हवाओं के कारण शीतलहर के हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक स्थिति में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण तापमान में भारी गिरावट आ सकती है। मैदानी इलाकों में भी तापमान 5 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, वीकेंड पर दिल्ली-एनसीआर में बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अलग-अलग इलाकों में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर जारी रहेगी। मौसम विभाग ने शनिवार को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान जताया है।

स्काईमेट वेदर के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में 2 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान 24 घंटे के बाद बढ़ने लगेगा। गंगा के मैदानी इलाकों में कोहरे की तीव्रता में कमी आएगी। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 11 जनवरी को राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। 11 और 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में बारिश की गतिविधियां धीरे-धीरे बढ़ेंगी। 11 और 12 जनवरी के बीच हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में व्यापक बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

## गृहमंत्री शाह 11 जनवरी को दिल्ली में 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार, 11 जनवरी को नई दिल्ली में 'ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य ड्रग तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव, विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों, से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना है। गृह मंत्री, ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े का शुभारंभ, NCB के भोपाल जोनल यूनिट के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन और MANAS-2 हेल्पलाइन के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विस्तार की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'MANAS' पोर्टल से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) के साथ रीयल-टाइम जानकारी साझा करने, ड्रग तस्करी के खिलाफ राज्यों की प्रगति और नार्कोटिक्स समन्वय तंत्र (NCORD) की प्रभावशीलता पर चर्चा की जाएगी। साथ ही राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (SFSLs) की कार्यक्षमता को मजबूत करने और उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने, ड्रग तस्करी के खिलाफ प्रयासों को मजबूत करने के लिए NIDAAN डेटाबेस के उपयोग, PIT-NDPS अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन, ड्रग से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष NDPS अदालतों की स्थापना और ड्रग तस्करी तथा इनके दुरुपयोग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों के बीच Whole of Govt. approach पर विचार-विमर्श किया जाएगा। 11 से 25 जनवरी 2025 तक चलने वाले ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े के दौरान रू.2411 करोड़ मूल्य के 44,792 किलोग्राम मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया जाएगा।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा का दावा- दिल्ली में पूर्ण बहुमत से बनेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर चुनाव के मद्देनजर पार्टी की संगठनात्मक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, सह-चुनाव प्रभारी अतुल गर्ग (सांसद), सह प्रभारी डॉ अल्का गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश चुनाव संचालन समिति प्रमुख हर्ष मल्होत्रा (सांसद) एवं सह-प्रमुख मनोज तिवारी (सांसद) भी उपस्थित रहे। नड्डा ने पहले भाजपा की दिल्ली चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक की और तत्पश्चात चुनाव प्रबंधन के अलग-अलग विभागों की बैठक की और पार्टी की चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्देश



देते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश भाजपा चुनाव संचालन समिति एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को पार्टी की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का मार्गदर्शन दिया। नड्डा ने कहा कि दिल्ली का यह विधानसभा चुनाव झूठ एवं भ्रष्टाचार रूपी अरविंद केजरीवाल और सच एवं विकास रूपी भाजपा के बीच चुनाव का अवसर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल रूपी आप-दा से मुक्त होने का मन बना लिया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली की महान जनता इस चुनाव में सच एवं विकास को चुनेगी और दिल्ली को आम आदमी पार्टी से मुक्त करवाएगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि को लेकर फंसा पेंच, आड़े आ रहे पाकिस्तान कनेक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस की तैयारियां बहुत तेजी से चल रहीं हैं। अतिथियों की सूची भी बनाई गई है और माना जा रहा है कि दुनिया की सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियंतो को समारोह का मुख्य अतिथि बनाया जाएगा। इसके लिए उन्हें न्यौता भी भेजा गया है। हालांकि सरकार की तरफ से ऐसी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। वहीं एक खबर ये भी आ रही है कि सुबियंतों को समारोह में अतिथि बनाए जाने को लेकर एक पेंच भी फंस गया है। वो पेंच ये हैं कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत से सीधे पाकिस्तान जाना चाहते हैं। भारत सरकार यही नहीं चाहती है कि वह भारत यात्रा को पाकिस्तान दौरे के साथ कनेक्ट करें। माना जा रहा है कि भारत सरकार उन्हें मनाने की कोशश कर रही है कि वह भारत दौरे के बाद सीधे पाकिस्तान न जाएं। सूत्र के हवाले से एक अंग्रेजी अखबार ने लिखा है कि सुबियंतो 26 जनवरी की परेड में मुख्य अतिथि होंगे। मगर अब तक यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आम तौर पर इस तरह की घोषणा महीनों पहले ही कर दी जाती है।

खबर के मुताबिक, भारत ने इंडोनेशिया के साथ इस मुद्दे को राजनयिक चैनल के माध्यम से उठाया है। भारत को उम्मीद है कि सुबियंतो को गणतंत्र दिवस समारोह के तुरंत बाद इस्लामाबाद के लिए उड़ान भरने से रोकने में कामयाबी मिलेगी। अगर रिपब्लिक डे परेड के कुछ ही घंटे बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सीधे इस्लामाबाद के लिए उड़ान भरते हैं तो इससे भारत के लिहाज से गलत संदेश जाएगा। खासकर तब जब सीमा पार आतंकवाद जैसे कई मुद्दों पर पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध अच्छे नहीं हैं। जबकि इसके उलट भारत और इंडोनेशिया के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं। घोषणा में देरी की वजह यह है कि पाक मीडिया में यह खबर है कि इंडोनेशियाई राष्ट्रपति 26 जनवरी को तीन दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान से जब से रिश्ते पूरी तरह तल्ख हुए हैं, तब से भारत अपना कोई भी कनेक्शन उससे नहीं चाहता। भारत सरकार हाल के दिनों में विदेशी नेताओं को भारत यात्रा के दौरान अपने कार्यक्रम में पाकिस्तान को शामिल न करने और दोनों देशों के साथ अपने संबंधों को अलग रखने के लिए प्रोत्साहित करती रही है।

## बिहार में नीतीश कुमार के बहाने तेजस्वी और लालू यादव लगा रहे हैं प्रेशर पॉलिटिक्स पर दांव

पटना। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव है। सबकी निगाहें फिर से नीतीश कुमार पर हैं। लालू यादव तो साफ कह चुके हैं कि नीतीश कुमार के लिए उनका दरवाजा खुला है। जबकि तेजस्वी यादव नीतीश की वापसी को अस्वीकार करने की हुंकार भर चुके हैं। तेजस्वी यादव यहीं नहीं रुके। वह तो राहुल गांधी के कांग्रेस को भी सीधा संदेश दे चुके हैं। या तो राजद की बात मानकर पिछलग्गू बने रहिए, वरना हाथ जोड़िए और पीछा छोड़िए। ऐसे में लोग कन्फ्यूज हैं कि पिता-पुत्र दोनों अलग-अलग चाल क्यों चल रहे हैं? क्या यह राजद की मध्यम मार्ग वाली पॉलिटिक्स है?

दरअसल, कांग्रेस को फटकारने के पीछे तेजस्वी की एक सोची-समझी चाल है। या यूं कहिए कि तेजस्वी यादव की प्रेशर पॉलिटिक्स। अभी तेजस्वी यादव को खूब पता है कि कांग्रेस पूरी तरह बैकफुट पर है। हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में हार से कांग्रेस टूटी हुई है। इंडिया गठबंधन के अन्य साथी उसे घेर रहे हैं। ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या अखिलेश यादव, सभी के टारगेट पर राहुल गांधी और कांग्रेस ही है। कांग्रेस के कई नेता यह इशारा कर चुके हैं कि कांग्रेस अब राजद की पिछलग्गू नहीं बनकर रहना चाहती। बिहार में 1990 के बाद से कांग्रेस राजद की पिछलग्गू बनकर रही है। राजद के बगैर उसका सियासी वजूद बिहार में कभी रहा ही नहीं। मगर अब कांग्रेस अपने पैरों पर खड़े होकर चलना चाहती है। इसलिए कांग्रेस तेवर दिखा रही है। वह साफ-साफ कह चुकी है कि उसे पिछली बार जितनी ही 70 सीटें चाहिए। अब तेजस्वी यादव को कांग्रेस के इस तेवर की भनक है। तेजस्वी यादव मौके को हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं। इसलिए वह कांग्रेस को आड़े हाथों ले रहे हैं। राजद को पता है कि कांग्रेस को अधिक सीट देने का मतलब है सियासी नुकसान। जैसा बीते चुनावों में दिखा। इसलिए तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन को लोकभा चुनाव तक का करार बता रहे हैं। तेजस्वी यादव को लग रहा है कि कांग्रेस सीट शेयरिंग में आंखें दिखा सकती है। वह अधिक सीटों का दवाब बनाएगी।

## अब बुजुर्गों पर एचएमपीवी का अटैक, गुजरात में मिला देश का पहला संक्रमित मरीज

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** एचएमपीवी का संक्रमण पहले बच्चों में पाया गया था हम बुजुर्ग भी इसकी चपेट में आ गए हैं। अहमदाबाद में देश का संक्रमित बुजुर्ग मिला है। जिसका इलाज चल रहा है।

अहमदाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि एक 80 वर्षीय बुजुर्ग में ह्यूमन मेटाप्नीउमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की पुष्टि हुई है। यह गुजरात में इस साल का दूसरा और भारत में एक बुजुर्ग में इस संक्रमण का पहला मामला है। चीन में हाल ही में एचएमपीवी संक्रमण के मामलों के बाद भारत में इस संक्रमण का यह नया मामला सामने आया है। अहमदाबाद नगर निगम ने बताया कि मरीज का इलाज अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी कोई विदेश यात्रा की जानकारी नहीं है। मरीज को बुधवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां गुरुवार को उनके सैंपल्स में संक्रमण की पुष्टि हुई। बुजुर्ग मरीज लंबे समय से अस्थमा का रोगी है, लेकिन फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है।

गुजरात में एचएमपीवी का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 6 जनवरी को एक दो महीने के शिशु में संक्रमण की पुष्टि हुई थी।



हालांकि, वह पूरी तरह से ठीक होकर अस्पताल से छुट्टी ले चुका है। केंद्र सरकार ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह वायरस भारत में नया नहीं है। राज्य सरकारों को श्वसन संबंधी बीमारियों पर निगरानी बढ़ाने और लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

### सांस लेने में तकलीफऔर सीने में दर्द जैसे लक्षण


एचएमपीवी एक वायरल संक्रमण है, जो आम सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण पैदा करता है। यह संक्रमण ड्रॉपलेट्स, सीधे संपर्क और संभवतः हवा के जरिए फैलता है। इसके लक्षण हल्के (जैसे नाक बहना) से लेकर गंभीर (सांस लेने में तकलीफऔर सीने में दर्द) तक हो सकते हैं। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में बताया था कि एचएमपीवी कई प्रकार के श्वसन संक्रमण फैलाने वाले वायरसों में से एक है। यह संक्रमण सर्दियों और वसंत के शुरुआती महीनों में अधिक फैलता है। मंत्रालय ने कहा, यह वायरस आमतौर पर हल्का होता है और ज्यादातर लोग खुद ही ठीक हो जाते हैं।

## जब तक निर्णय नहीं होता, 1.12 लाख करोड़ रुपये के शो-कॉज नोटिस पर रोक

### ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देकर 1.12 लाख करोड़ रुपये के गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) शो-कॉज नोटिस को रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन नोटिस से जुड़े सभी मामले फिलहाल स्थगित रहे, जब तक कोर्ट इस पर अंतिम निर्णय नहीं ले लेता है। सुप्रीम कोर्ट ने इन कंपनियों से जुड़े मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। अब मामलों की अगली सुनवाई 18 मार्च, 2025 को होगी।

यह फैसला ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए एक राहत भरा कदम है, क्योंकि इस पर कर अधिकारियों और कंपनियों के बीच लंबे समय से विवाद रहा था। इस विवाद का मुख्य मुद्दा ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लागू करने की व्याख्या है। केंद्र सरकार का कहना है कि 28 प्रतिशत जीएसटी पूरे एंट्री अमाउंट पर लगना चाहिए, जिसमें इनाम राशि (प्राइज पूल) भी



शामिल होती है। वहीं, गेमिंग कंपनियों का तर्क है कि जीएसटी केवल उनके प्लेटफॉर्म फीस या कमीशन पर लगना चाहिए, क्योंकि इनमें से कई गेम कौशल (स्किल) पर आधारित होते हैं, न कि किस्मत (चांस) पर निर्भर होती है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री से जुड़े जानकार ने कहा, ÷मार्च में होने वाली अंतिम सुनवाई सेक्टर के लिए नियामकीय ढांचे को तय करने और एक निष्पक्ष और पारदर्शी टैक्स रिजीम सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शो-कॉज नोटिस पर रोक लगाना ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो कारोबार के लिए राहत भरा कदम है। इससे न केवल कानूनी स्पष्टता मिलती है, बल्कि तेजी से बढ़ते सेक्टर में सही प्रक्रिया और नियमों के महत्व को भी उजागर किया गया है। इस फैसले का ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने स्वागत किया है।

# कभी सुकून और सस्ती दिल्ली, आज यहां जिंदगी महंगी और भागमभाग वाली

*** महंगे शहरों की रैंकिंग दिल्ली देश में दूसरे नंबर पर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। दिल्ली में विकास के तमाम दावे और चुनावी वादे लोगों के सामने हैं। कभी शांति और सुकून के लिए जानी जाने वाली दिल्ली आज भागमभाग की जिंदगी और महंगाई वाली लाइफ स्टाइल के लिए मशहूर है। दुनिया में अगर महंगे शहरों की रैंकिंग देखी जाए तो दिल्ली का नाम मुंबई के बाद दूसरी और दुनिया में 165 नंबर पर आता है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय की बात की जाए तो दिल्ली सबसे रईस है। औसत प्रति व्यक्ति आय के मामले में दिल्ली सबसे आगे है। साल 2023-24 में दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 4,61,910 रुपए है जबकि देश में औसत प्रति व्यक्ति आय 13.14 हजार डॉलर यानी करीब 2.28 लाख रुपए है।

लुटियंस दिल्ली में कई इलाके ऐसे हैं जहां एक वर्ग फुट जमीन की कीमत 3 लाख से भी ज्यादा हैं। इसके इलावा निजामुद्दीन ईस्ट, साउथ एक्स, मॉडल टाउन, सिविल लाइंस, हौज खास, वसंत कुंज और लाजपतनगर जैसे इलाकों में जमीनों की कीमत करोड़ों से नीचे नहीं है, लेकिन कभी दिल्ली सस्ती हुआ करती थी, जहां कौड़ियों के भाव जमीनें मिलती थीं और कुछ रुपयों में बंगले किराये पर मिल जाते थे लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है। यहां जमीन की कीमत आसमान छू रही हैं।

कभी दिल्ली में 25 रुपये गज जमीन और दूध रुपये का नौ सेर मिलता था। मॉर्डन दिल्ली की नींव पड़ी 1911 में जब अंग्रेजी शासन ने कोलकाता से दिल्ली का रुख किया। साल 1931 में लुटियन की डिजाइन की हुई दिल्ली का उद्घाटन हुआ और फिर सड़कें, कॉलोनियां और बाजार बसाए जाने लगे, लेकिन भागमभाग और भीड़ वाली दिल्ली बनने से पहले ये शहर सुकून और सस्ती होने के लिए जाना जाता था। उस दौर में नई दिल्ली का विकास हो रहा था, देश आजादी की ओर बढ़ रहा था। इसके बाद दिल्ली महंगी होती गई और आज सब कुछ आपके सामने है।



## संक्षिप्त समाचार

### सीग्राम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

देवास । सीग्राम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ स्क्विड गेम के दूसरे सीज़न के साथ साझेदारी की घोषणा की है। स्क्विड गेम के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की लिव इट लार्ज फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फ ब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है।

### अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने नए क्राइम ड्रामा चिड़िया उड़ का ट्रेलर रिलीज़ किया

मुंबई, एजेंसी। अमेज़न के मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म - अमेज़न एमएक्स प्लेयर की आने वाली क्राइम ड्रामा सीरीज़ चिड़िया उड़ के लिए उलटी गिनती शुरू हो गई है। स्ट्रीमिंग सेवा ने आज इस शो का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है, जो दर्शकों को इसकी प्रबल दुनिया की एक झलक देता है। आबिद सुरती के समीक्षकों द्वारा प्रशंसित उपन्यास केज पर आधारित, चिड़िया उड़ मुंबई के अंडरवर्ल्ड के दिल में गहराई से उतरती है, जो शक्ति, अपराध और अस्तित्व की कहानी को एक साथ लाती है। चिड़िया उड़ का निर्माण हरमन बावेजा, विकी बाहरी ने किया है और इसे रवि जाधव द्वारा निर्देशित किया गया है। इस सीरीज़ में जैकी श्रॉफ, भूमिका मीना, सिकंदर खेर, मधुर मित्तल, मयूर मोरे, और मीता वशिष्ठ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह कहानी एक युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपराधियों और बदलते गठजोड़ों के बीच फंस जाती है। राजस्थान की एक युवती सेहर को मुंबई की कठोर दुनिया का सामना करना पड़ता है। चिड़िया उड उसकी उन जंजीरों से आज़ाद होने की लड़ाई को दर्शाती है, जो उसे बांधे हुए हैं, और साथ ही जीवन की कठोर सच्चाइयों को भी उजागर करती है। अमेज़न एमएक्स प्लेयर के निदेशक और प्रमुख करण बेदी ने कहा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर में हमारा उद्देश्य अपने दर्शकों को प्रीमियम और उच्च गुणवत्ता वाला मनोरंजन प्रदान करना है। चिड़िया उड़ अपने शानदार कलाकारों की टोली के साथ, मुंबई के कुख्यात अंडरवर्ल्ड में एक महिला के सत्ता तक पहुंचने की मनोरंजक कहानी पेश करती है।

### एमराल्ड फाइनेंस का समेकित क्यू3 एफवाय25 शुद्ध लाभ 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ पहुंचा ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी। एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड जो भारत में अपनी प्रमुख अर्न्ड वेज एक्सेस सहित विभिन्न वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने वाली एक गतिशील कंपनी है, ने क्यू3 एफवाय25 और 9एम एफवाय25 के अपने अनेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री संजय अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, एमेरेल्ड फाइनेंस लिमिटेड ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एफवाय25 की नौ महीनों में एफवाय24 की समान अवधि की तुलना में हमारी शुद्ध लाभ में 108 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो हमारे मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और संचालनात्मक क्षमता को दर्शाता है।

सोने के आयात के आंकड़ों में करेक्शन

# 5 अरब डॉलर कम हुआ व्यापार घाटा



नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार द्वारा सोने के आयात के आंकड़ों में तेज सुधार के बाद, नवंबर के लिए भारत के रिकॉर्ड व्यापार घाटे को 37.8 अरब डॉलर से घटाकर 32.8 अरब डॉलर कर दिया गया है। बता दें व्यापार घाटा वह राशि है, जिसके द्वारा आयात का मूल्य निर्यात से अधिक हो जाता है। वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा वाणिज्यिक खुफिया और सांख्यिकी महानिदेशालय ने बुधवार को कहा कि महीने के लिए सोने के आयात को 9.8 अरब डॉलर में समायोजित किया गया था, जो 14.8 अरब डॉलर के पहले के अनुमान से काफी कम है।

### कहां हुई थी गलती

जुलाई में रिपोर्टिंग सिस्टम में बदलाव के बाद गोदामों में सोने के शिपमेंट की कथित तौर पर डबल काउंटिंग के कारण गणना में गलती के लिए जिम्मेदार 5 अरब डॉलर का करेक्शन हुआ। इस विसंगति का पता डीजीसीआईएस और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के आंकड़ों के मिलान की प्रक्रिया के दौरान चला था। हालांकि, कॉमर्स डिपॉर्टमेंट ने अभी तक संशोधन पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### शुरू में रिकॉर्ड घाटे की सूचना

नवंबर के व्यापार के आंकड़ों ने शुरू में रिकॉर्ड घाटे की सूचना दी, जो सोने के आयात में असामान्य 331 प्रतिशत साल दर साल ग्रोथ से प्रेरित थी। सोना, जो महीने के लिए कुल ट्रेड इंपोरट का 21 प्रतिशत था, पहले 14.8 अरब डॉलर का अनुमान लगाया गया था। यह देश के व्यापार संतुलन के बारे में चिंताओं को बढ़ाता है। भारत अपने सोने का अधिकांश आयात स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और पेरू से करता है। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, नवंबर के लिए भारत का सोने का आयात अब 9.8 अरब डॉलर है, जिससे चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान आयातित सोने का कुल मूल्य 44 अरब डॉलर हो गया है। संशोधन से पहले व्यापार घाटा नवंबर 2023 में 21.3 बिलियन डॉलर की तुलना में रिकॉर्ड 37.8 बिलियन पर पहुंच गया। 16 दिसंबर 2023 को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए डेटा ने नवंबर में निर्यात में 4.9 प्रतिशत साल दर साल गिरावट के साथ व्यापारिक आयात में 27 प्रतिशत साल दर साल वृद्धि दिखाई। इस बीच, सर्विस एक्सपोर्ट ने जोरदार प्रदर्शन किया, नवंबर सरप्लस रिकॉर्ड .18 बिलियन को छू गया।

### 64.95 अरब डॉलर का सोना भारत ने किया आयात

नवंबर के लिए सोने के आयात आंकड़ों में 5 अरब डॉलर की संशोधन के साथ आयात 69.95 अरब डॉलर से घटकर 64.95 अरब डॉलर रह गया है।
एक साल पहले यह आंकड़ा 55.06 अरब डॉलर था। नवंबर 2023 में 33.75 अरब डॉलर की तुलना में नवंबर में कुल निर्यात घटकर 32.11 अरब डॉलर हो गया। इस वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2024) में अब तक, अप्रैल-नवंबर 2023 में 498.33 बिलियन डॉलर की तुलना में कुल निर्यात 536.25 बिलियन डॉलर रहा, जो 7.61 प्रतिशत की वृद्धि है।

### किन चीजों का सबसे अधिक हुआ निर्यात

इस अवधि में इलेक्ट्रॉनिक सामान के ट्रेड एक्सपोर्ट में साल दर साल आधर पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इंजीनियरिंग सामान (26.87 प्रतिशत), चावल (13.35 प्रतिशत), ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स (6.76 प्रतिशत), और रेडी-मेड कपड़े (15.21 प्रतिशत) में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

# एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने एक्सिस बैंक में बढ़ाई शेयर होल्डिंग




नई दिल्ली, एजेंसी। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने एक्सिस बैंक में अपनी हिस्सेदारी 5 आधार अंकों से बढ़ाकर 4.97 से 5.02 फीसद कर ली है, यह कदम बैंक की विकास संभावनाओं में फंड हाउस के विश्वास को दर्शाता है। फंड हाउस ने को एक बयान में कहा, 6 जनवरी, 2025 को कारोबार बंद होने पर एक्सिस बैंक में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की कुल होल्डिंग कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का 5.02 प्रतिशत थी। इस अपडेट के बावजूद सुबह पौने 11 बजे के आसपास एक्सिस बैंक के शेयर करीब एक प्रतिशत नीचे 1064 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक के शेयर भी 1.48 पर्सेंट नीचे 1648.85 रुपये पर थे। अधिग्रहण से पहले एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के पास 15,38,45,705 शेयर थे, जो एक्सिस बैंक में 4.97 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। अधिग्रहण के बाद एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के पास 15,53,35,021 शेयर या 5.02 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बीएसई पर शेयरहोल्डिंग पैटर्न डेटा के अनुसार एचडीएफसी ने अपनी विभिन्न म्यूचुअल फंड योजनाओं के जरिए से चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के अंत तक एक्सिस बैंक में 13,06,05,045 शेयर या 4.42 प्रतिशत हिस्सेदारी रखी। यानी एचडीएफसी ने दिसंबर तिमाही में एक्सिस बैंक में अपनी हिस्सेदारी काफी बढ़ा ली। दिसंबर तिमाही के शेयरधारिता पैटर्न के आंकड़ों का खुलासा होना अभी बाकी है।

# बजट में नई व्यवस्था में टैक्स छूट सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करे सरकार, ईवाई का सुझाव




नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार 2025-26 के बजट में नई कर व्यवस्था में टैक्स छूट सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने पर विचार कर सकती है। करदाताओं को राहत देने के लिए कर दरों को भी कम किया जा सकता है। अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) इंडिया ने बजट पूर्व सुझाव रिपोर्ट में कहा, सरकार को आगामी बजट में आयकरदाताओं को टैक्स के मोर्चे पर राहत देने पर ध्यान देना चाहिए। 2023-24 तक 31 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 9.6 फीसदी) के आयकर विवाद को भी सुलझाने की कोशिश होनी चाहिए। ईवाई इंडिया ने बुधवार को अपने सुझाव में कहा, अनुपालन बोझ कम करने के लिए निकासी चरण तक पीएफ ब्याज दर (2.5 लाख से ऊपर) पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) को स्थगित करना चाहिए। पिछले बजट में टीडीएस दर को कुछ हद तक तर्कसंगत बनाया गया था। टीडीएस दर संरचना को कम दरों के साथ तीन-चार श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रत्यक्ष कर संहिता की पूर्ण समीक्षा में समय लग सकता है।

- **कर प्रणाली सरल बनाने व मुकदमे घटाने की जरूरत-** ईवाई ने कहा, अर्थव्यवस्था में मांग एवं खपत बढ़ाने के लिए कर प्रणाली को सरल बनाने और करदाता सेवाओं में सुधार बहुत जरूरी है। मुकदमेबाजी को कम करने और कर अनुपालन को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। लंबित कर विवादों को कम करने और आगे के विवादों से बचने के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपाय करने चाहिए। इसके लिए वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को मजबूत करने की तत्काल जरूरत है। सुरक्षित बंदरगाह जैसे अन्य विवाद निवारण विकल्पों को और अधिक आकर्षक बनाया जाना चाहिए।
- **मकान किराया भत्ता में मिले 50 फीसदी छूट-**रिपोर्ट में सुझाया गया है कि हैदराबाद, पुणे, बंगलूरू और अहमदाबाद जैसे शहरों में मकान किराया भत्ता (एचआरए) में 50 फीसदी की छूट दी जानी चाहिए। इससे कर में समानता मिलेगी।

### बुरे दौर से गुजर रहा सुजलॉन एनर्जी शेयर, नए साल में हर दिन करा रहा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में पिछले कुछ सेशन से गिरावट आ रही है। पिछले एक सप्ताह में ही 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

इस साल अब तक के 7 कारोबार सेशंस में यह शेयर



करीबन 9 प्रतिशत तक गिर गया। बुधवार को भी सुजलॉन एनर्जी के शेयर थोड़ा नीचे खुले और बीएसई पर लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए थे। आज गुरुवार को रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी के इस शेयर में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है और यह शेयर 58.60 रुपये पर आ गया। बता दें कि पांच साल में यह शेयर 2300 प्रतिशत तक चढ़ गया है। इस दौरान इसकी कीमत 2 रुपये से वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई।

अडानी और बिड़ला ग्रुप के वर्चस्व के बीच आ रहा नया खिलाड़ी

# 4000 करोड़ का ला रहा आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी। सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली इंफ्रास्ट्रक्चर-टू-मेटल जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू सीमेंट को 4,000 करोड़ रुपये के आईपीओ प्रस्ताव के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। मनीकंट्रोल ने सूत्रों के हवाले से इस अपडेट की जानाकरी दी है। फर्म ने 17 अगस्त को अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया था। जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने शेयर मार्केट में एंट्री करने का कदम ऐसे समय उठाया है, जब सीमेंट सेक्टर में बिड़ला ग्रुप की अग्रणी अल्ट्राटेक सीमेंट और अडानी ग्रुप की एसीसी-अंबुजा गठबंधन के बीच एमएंडए की खींचतान चल रही है मनीकंट्रोल के दो में से एक सूत्र ने बताया, बाजार नियामक से आईपीओ प्रस्ताव के लिए हरी झंडी मिल गई है और निवेशकों के रोड शो और अन्य कारकों के आधार पर, लॉन्च के समय पर बाद में फैसला लिया जाएगा। इसकी पुष्टि दो अन्य व्यक्तियों ने भी पुष्टि की है। यह डील 2,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के नए इश्यू और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के ऑफर-फॉर-सेल का संयोजन है। अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट, सिनर्जी मेटल्स इन्वेस्टमेंट होल्डिंग और एसबीआइ जैसे निवेशक ऑफर-फॉर-सेल में भाग लेंगे।

शुरुआती शेयर बिक्री अगस्त 2021 में नुवोको विस्टास के 5,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के बाद सीमेंट सेक्टर की पहला बड़ा ऑफर होगा। संयोग से,



अक्टूबर 2023 में जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर की लिस्टिंग ने 13 साल में ग्रुप के पहले आईपीओ को मार्क किया है।

शिवा सीमेंट को 2017 में जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने अधिग्रहित किया था और यह सीमेंट प्रोडक्शन में एक प्रमुख कंपोनेंट क्लिंकर की सप्लाई मेन यूनिट को करती है। जेएम फाइनेंशियल, कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेफरीज, एक्सिस कैपिटल, डीएएम कैपिटल, सिटी, गोल्डमैन सैक्स और एसबीआई कैपिटल निवेश बैंक हैं जो शेयर बिक्री का प्रबंधन कर रहे हैं। खेतान एंड कंपनी फर्म की कानूनी सलाहकार है।

### क्या है जेएसडब्ल्यू सीमेंट का इरादा

जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने 2009 में भारत के दक्षिणी क्षेत्र में काम शुरू किया था और भारत में सात प्लांट का संचालन करता है। इनसे अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी स्थापित ग्राइंडिंग क्षमता को 20.60 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 40.85 एमएमटीपीए तथा स्थापित क्लिंकर क्षमता को 6.44 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 13.04 एमएमटीपीए करेगी। इसके अलावा, इसका इरादा कुल क्षमता को बढ़ाकर 60.00 एमएमटीपीए करने का है।

### अमेजन ने कस्टमाईज़ेबल डिस्प्ले, जीवंत ध्वनि और स्मार्ट होम क्षमताओं के साथ —एलेक्सा-इनेबल्ड स्मार्ट अलार्म क्लॉक, इको स्पॉट का पेश किया

मुंबई, एजेंसी । अमेजन ने भारत में नई , इको स्पॉट लॉन्च किया है । यह इसकी एलेक्सा-इनेबल्ड ईको सीरीज़ में सबसे नई डिवाईस है ।, इको स्पॉट एक स्लीक और नई स्मार्ट अलार्म क्लॉक है, जिसमें अनेक कस्टम डिज़ाईन के क्लॉक फेस, रंगीन डिस्प्ले विकल्प और चार नई अलार्म ध्वनियां शामिल की गई हैं । इको स्पॉटका सघन और कस्टमाईज़ेबल डिस्प्ले शैली और कार्यक्षमता के साथ अलार्म सेट करने और देखने तथा समय, मौसम और गानों के टाईटल एक ही नजर में देखने में समर्थ बनाता है । इसके डायरेक्शनल स्पीकर साउंड का बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं । यह बेडसाईड टेबल बेहतर बनाने के लिए डिज़ाईन किया गया है । इसके नाईट मोड विकल्प की मदद से ग्राहक नींद के बीच भी स्क्रीन पर आसानी से समय देख सकते हैं ।
इको स्पॉट ब्लैक और ब्लू रंगों में उपलब्ध है, तथा सीमित समय के लिए यह केवल 6,449 रुपये के ऑफर मूल्य में मिल रहा है । अमेजन डिवाईसेज़ इंडिया के डायरेक्टर एवं कंट्री मैनेजर, पराग गुप्ता ने कहा, ''हमारी डिवाईसेज़ की मदद से हम ग्राहकों के दैनिक जीवन को लगातार सुविधाजनक और आरामदायक बनाना चाहते हैं । इको स्पॉट हमारी ईको सीरीज़ में सबसे नई डिवाईस है, जो हमारे इसी उद्देश्य को पूरा कर रही है । इसकी मदद से ग्राहक अपने बिस्तर पर लेटे हुए ही द्यद्द×ड्ड को वॉईस कमांड देकर मौसम का विवरण और कैलेंडर देख सकते हैं, कंपैटिबल स्मार्ट लाईट और घरेलू अप्लायंसेज़ को कंट्रोल कर सकते हैं, तथा सुबह अपने पसंदीदा संगीत के साथ नींद से जाग सकते हैं ।'' उन्होंने आगे बताया, ''इसकी एस्थेटिक डिज़ाईन अपने रंगीन और कस्टमाईज़ेबल डिस्प्ले के साथ बेडसाईड की व्यवस्था ज्यादा आकर्षक बना देती है । ग्राहक जानकारी के लिए —एलेक्साकी मदद लेना पसंद करते हैं——एलेक्सा हर मिली सैकंड अनेकों सवालों के जवाब देती है । ग्राहक मौसम के अपडेट, मामूली जानकारी, रेसिपी, और सामान्य ज्ञान आदि के लिए —एलेक्सा की मदद लेते हैं । वो रिमाईंडर, अलार्म, टाईमर सेट करने, सूची बनाने आदि कामों में भी —एलेक्सा की मदद लेते हैं ।,

# कोटक महिंद्रा बैंक नेतीसरी बार वाणिज्यिक वाहन ड्राइवर्स के लिए सेहत का सफर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया

- **देशव्यापी स्तर पर 45 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे जो कि ड्राइवर्स की सेहत एवं तंदुरुस्ती को और बेहतर बनाएंगे**



मुंबई, एजेंसी। कोटक महिंद्रा बैंक (कोटक) ने अपनी सीएसआर पहल 'सेहत का सफर' का तीसरा संस्करण लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल वाणिज्यिक वाहन चालकों के स्वास्थ्य और भलाई को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस वर्ष यह पहल 45 स्थानों तक पहुंचेगी, जो पिछले संस्करण के 30 स्थानों की तुलना में अधिक है। इन मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरों का लाभ लगभग 4000 ट्रक चालकों को मिलेगा।

ये स्वास्थ्य शिविर देश के बड़े परिवहन केंद्रों जैसे दुलियाजान, दुर्गापुर, पटना, दिल्ली, कोयंबटूर और भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य ड्राइवरों के जीवन को बेहतर बनाना और उनके योगदान को सराहते हुए उनकी सेहत और भलाई का ख्याल रखना है। वाणिज्यिक वाहन चालकों का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान होता है, और यह पहल उनके प्रति कोटक की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती है। इन शिविरों में, न केवल स्वास्थ्य जांच की जाएगी, बल्कि विशेषज्ञ काउंसलर उन्हें दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतें अपनाने की जानकारी देंगे।

### कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड ने 8.4 करोड़ की इक्विटी आवंटन के साथ अपनी पूंजी आधार को किया मजबूत

मुंबई, एजेंसी। कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड जो कि प्रिसीजन इन्वेस्टमेंट कास्टिंग का प्रमुख निर्माता, निर्यातक और आपूर्तिकर्ता है, ने समकक्ष संख्या के वॉरंट्स के रूपांतरण के माध्यम से 14,00,000 इक्विटी शेयरों का आवंटन पूरा कर लिया है। वारंट रूपांतरण के माध्यम से प्रेफरेंशियल आधार पर सफल इक्विटी आवंटन, जिसमें प्रत्येक वारंट के लिए पूर्ण और अंतिम सदस्यता राशि के खिलाफ 75 प्रतिशत शेष राशि प्राप्त होने के बाद इसे इक्विटी शेयरों में रूपांतरित किया जाता है, कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। यह कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करता है और भविष्य में विकास के लिए कंपनी को सुदृढ़ स्थिति में लाता है। अपने वित्तीय संसाधनों को बढ़ाकर, कंपनी का उद्देश्य संचालन में सुधार लाना और औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी विविध ग्राहक सूची को उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों की निरंतर आपूर्ति करना है।.
यह टिप्पणी करते हुए, श्री अनिल वी. भालू, प्रबंध निदेशक, कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड ने कहा, यह सफल इक्विटी आवंटन कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बारट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने सिंगापुर की पीटीडब्ल्यू ग्रुप के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

मुंबई, एजेंसी। बारट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (बीएसई 532694, एनएसई), जो वित्तीय प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी है, और पीटीडब्ल्यू ग्रुप, जो सिंगापुर स्थित सेमीकंडक्टर समाधान प्रदाता है, ने भारत के सेमिकंडक्टर उद्योग को सुदृढ़ करने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू हैदराबाद में सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री, तेलंगाना के साथ बैठक के बाद हस्ताक्षरित किया गया, जिससे भारत के वैश्विक सेमीकंडक्टर केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित हुआ। यह एमओयू पीटीडब्ल्यू ग्रुप, सिंगापुर आधारित सेमीकंडक्टर समाधान प्रदाता के भारतीय बाजार में प्रवेश का प्रतीक है। नए फैसिलिटीज़ की योजना भारत में नए फैब्स की स्थापना, सेमिकॉन उपकरणों के स्थानीय उत्पादन और पुनर्निर्माण और सेमीकंडक्टर उत्पादन, प्रक्रियाओं और उपकरणों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों को स्थापित करने में मदद करने के लिए बनाई गई है। पीटीडब्ल्यू और बारट्रॉनिक्स का प्रस्तावित विलय भारत में उत्पादन, पुनर्निर्माण और प्रशिक्षण सुविधाओं की स्थापना का उद्देश्य रखता है ताकि सेमीकंडक्टर उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा किया जा सके। यह उत्पादों, सेवाओं और प्रशिक्षण में नवाचार को प्रेरित करेगा और इस प्रकार भारतीय सेमिकॉन परिदृश्य को बदल देगा। इसके अलावा, यह अनुसंधान एवं विकास, निर्माण, कार्यबल प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करेगा, जो भारत के वैश्विक सेमीकंडक्टर केंद्र बनने के लक्ष्य के अनुरूप होगा। पीटीडब्ल्यू, जिसकी विश्वभर में 14 से अधिक देशों में उपस्थिति है, दुनिया में एकमात्र पुनर्निर्माणकर्ता है जिसे 700 से अधिक फैब्स के साथ अनुमोदित विक्रेता स्थिति प्राप्त है। इनमें बाज़ार के प्रमुख जैसे टीएसएमसी, यूएमसी, ग्लोबल फाउंड्रीज, सोनी, सैमसंग, माइक्रोन, एसटी माइक्रो, इन्फिनियन, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स शामिल हैं।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहले एकदिवसीय में आयरलैंड को हराया

**–प्रतिका रावल ने लगाया अर्धशतक**

**राजकोट (एजेंसी)।** प्रतिका रावल के शानदार अर्धशतक 89 रनों की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां पहले ही एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को छह विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इसी के साथ ही तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इस मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को जीत के लिए 238 रनों का लक्ष्य दिया जो भारतीय टीम ने चार विकेट पर हासिल कर लिया।

आयरलैंड की टीम की पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारतीय टीम को तितास साधु ने पहला विकेट दिलाया। उन्होंने सारा फोर्ब्स को 09 रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। ओर्ला प्रेंडरगास्ट ने 9 बनाए वह भी स्टंप आउट हो गयीं। इस प्रकार 15 आवरों के अंदर ही टीम ने तीन विकेट 56 रन पर ही खो दिये।

इसके बाद कप्तान गैबी लुईस की 92 रन की बेहतरीन पारी और उनकी लियाह पॉल 59 रन के साथ 117 रन की साझेदारी के बल पर आयरिश टीम ने सात विकेट पर 237 रन बनाये। इसके बाद 238 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए

भारत की ओर से स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने शुरुआत की। मंधाना ने 40 रन बनाए। वह अर्धशतक से रह गई जबकि प्रतिका ने 89 रन की जबरदस्त पारी खेली। वहीं, तीसरे नंबर पर आई हरलीन देओल 20 रन बनाकर पेवेलियन लौटी। चौथे नंबर पर आई जेमिमाह रोड्रिग्स ने 9 रन बनाये। तेजल हसबनिस ने भी शानदार 53 रन बनाये। अंत में ऋचा घोष ने 2 गेंदों में 8 रन बनाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।




# 14 जनवरी से इंडिया ओपन से वापसी करेंगी सिंधु



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु 14 जनवरी से शुरु हो रहे योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2025 में खेलती हुई नजर आयेंगी। ये शादी के बाद सिंधु का पहला टूर्नामेंट होगा। उनकी पिछले माह दिसंबर में शादी हुई थी। इंडिया ओपन सुपर 750 के तीसरे संस्करण में भारत सहित दुनिया भर के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। पीवी सिंधु ने अंतिम बार सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में भाग लिया था।

सुपर 750 भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित मुख्य प्रतियोगिता रही है। इस टूर्नामेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेल्सन, एन से यंग और विश्व नंबर एक खिलाड़ी शि यूकी भी खेलते हुए दिखेंगे। ये टूर्नामेंट शुरुआत से से डीडब्यूएफ विश्व टूर का हिस्सा रहा है, जहां पर विजेता को 9,50,000 यूएस डॉलर की धनराशि और 11000 अंक मिलते हैं, टूर्नामेंट के इस तीसरे सत्र में भारत के ओर से 21 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं पिछले दो सीजनों में भारत की ओर से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस सत्र में पुरुष युगल में एशियन गोल्ड मेडलिस्ट सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एशियन गेम्स ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय पर सभी की निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी।

**पुरुष एकल–** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय, प्रियांशु राजावत

**महिला एकल–** पीवी सिंधु, मालविका बंसोद, अनुपमा उपाध्याय, आकर्षी कश्यप

**पुरुष युगल–** चिराग शेट्टी/सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी, के साइ प्रथीक/प्रूथ्वी के रॉय

# बुमराह को बनाये अगला कप्तान : गावस्कर




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का अगला कप्तान बनाया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि बुमरान में नेतृत्व क्षमता है और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ये बात एक बार फिर साबित हुई है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पर्थ में पहले टेस्ट में जीत भी दर्ज की थी। गावस्कर ने कहा कि बुमराह ने गेंद से आगे बढ़कर नेतृत्व किया, पांच मैचों की श्रृंखला में 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी हासिल किया। बुमराह की कप्तानी की व्यापक प्रशंसा हुई, जब उन्होंने पर्थ में कप्तानी की जिम्मेदारी अच्छे तरीके से निभाई । पहले भी वह कार्यवाहक कप्तान के तौर पर काम कर चुके हैं। रोहित शर्मा के सिडनी टेस्ट से हटने के बाद उन्हें अंतिम टेस्ट में फिर से कप्तानी सौंपी गई पर पीठ की चोट के कारण वे तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए। गावस्कर के अलावा कई और लोगों ने भी बुमराह को भारतीय टेस्ट टीम का भावी कप्तान बताया है।

गावस्कर ने कहा कि बुमराह एक लीडर की तरह काम करते हैं पर अपने साथियों पर दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा, वह अगला खिलाड़ी हो सकता है। अंदर एक बहुत नेतृत्व कर्ता की अच्छी छवि है पर वह ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आप पर दबाव डाले जबकि कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि बुमराह खिलाड़ियों से अपना काम करने की उम्मीद करते हैं और उन पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालते। उन्होंने कहा कि कि कैसे उन्होंने मिड-ऑफ और मिड-ऑन पर खुद को रखकर और लगातार बाकी तेज गेंदबाजों को जरुरी सुझाव दिये। गावस्कर ने कहा, बुमराह के मामले में आप देख सकते हैं कि वह दूसरों से यही उम्मीद करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है और जिसके लिए वे राष्ट्रीय टीम में हैं पर वह किसी पर दबाव नहीं डालते। तेज गेंदबाजों के मामले में वह बिल्कुल शानदार रहे हैं। मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहे। हर बार वह उन्हें बताने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए मौजूद थे। मुझे लगता है कि वह बिल्कुल शानदार थे और अगर वह जल्द ही कमान संभाल लेते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी।

# विराट जानते है कैसे वापसी करनी है : डुप्लेसी




**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने खराब फार्म के कारण आलोचना का सामना कर रहे भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट का बचाव किया है। डुप्लेसी ने कहा कि विराट को किसी भी प्रेरणा की जरुरत नहीं है। वह जानते हैं कि कैसे फार्म हासिल करनी है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि विराट भी स्वयं ही इस कठिन संघर्ष से निकलना चाहेंगे। हाल में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कोहली का प्रदर्शन बहुत खराब रहा जिसमें उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट में नाबाद शतक के साथ शुरुआत की थी पर बाद के पांच टेस्ट मैचों में वह 23.75 की औसत से केवल 190 रन ही बना पाये।

डुप्लेसी ने कोहली का समर्थन करते हुए कहा कि संघर्ष के बाद वह और मजबूत होकर वापसी करेंगे और साथ ही कहा कि संन्यास लेना बहुत व्यक्तिगत चीज है, इसके बारे में उन्हें ही तय करना होगा। कोई भी आपसे यह नहीं कह सकता कि एक खिलाड़ी के तौर पर उनका खेलने का समय कब समाप्त होगा, आपको पता चल जाएगा। डुप्लेसी ने कहा कि मैं जानता हूं कि उनके जैसा खिलाड़ी बहुत ही प्रेरित रहता है। वह पहले भी इस दौर से गुजरा है, इसलिए उसे पता है कि उसे क्या करना है। डुप्लेसी ने कहा कि हर खिलाड़ी के लिए संन्यास का समय अलग होता है। हर खिलाड़ी को इस सवाल का जवाब स्वयं देना होता है। मुझे याद है कि मेरे लिए वह समय कब था। मुझमें पहले जैसी भूख और जोश नहीं था और मुझे लगा कि निश्चित रूप से नए खिलाड़ियों के आने और टी20 की दुनिया में कदम रखने का सही समय है।

# बीसीसीआई की विशेष आम बैठक रविवार को, आईसीसी चेयरमैन जय शाह को किया जाएगा सम्मानित

मुंबई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को यहां होने वाले विशेष आम बैठक (एसजीएम) से इतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला । शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया जिन्होंने तीसरा कार्यकाल नहीं लेने का फैसला किया। शाह अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे। शाह बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई एसजीएम में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे ।



# स्वामी प्रेमानंद जी महाराज की शरण में पहुंचे विराट



**मुम्बई (एजेंसी)।** अपने करियर के सबसे खराब दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अब अपने परिवार के साथ स्वामी प्रेमानंद जी महाराज की शरण में पहुंचे हैं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। इसमें विराट के साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा और दोनों बच्चे वामिका और अहान भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे और सबसे पहले उन्होंने महाराज को प्रणाम किया। इसके बाद प्रेमानंद महाराज ने दोनों का हाल-चाल पूछा और आशीर्वाद भी दिया। अनुष्?का ने इस दौरान यह भी कहा कि पिछली बार जब वह महाराज से मिली थीं तो उनके मन में कुछ सवाल थे पर अन्य लोग उन सवालों को पहले ही पूछ चुके थे। महाराज जी ने इस पर कहा, हम साधना करते हैं जिससे लोगों को प्रसन्नता मिलती है, और यह जो क्रिकेट का खेल है, वह पूरे देश को प्रसन्नता देता है। विराट और अनुष्का पिछले साल भी प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे थे। विराट और अनुष्का का इससे आध्यात्म की ओर झुकाव भी दिखता है। वह इंग्लैंड दौरे में भी एक सतसंग कार्यक्रम में शामिल हुए थे। खेल की बात करें तो पिछले कुछ समय से विराट लगातार विफलर रहे हैं जिससे उनकी टीम में रहने पर भी सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि विराट मानसिक शांति के लिए आश्रम में पहुंचे होंगे।

# इंग्लैंड के बाद दक्षिण अफ्रीकी मंत्री ने कहा , अफगानिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करें

जोहांसबर्ग ।अगले माह पाकिस्तान की मेजबान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर विवाद समाप्त होने का नाम नहीं ले रहे। इंग्लैंड के कई राजनेताओं ने जहां इसको लेकर अपने क्रिकेट बोर्ड से कहा था कि इसमें अफगानिस्तान से मैच का बहिष्कार करें क्योंकि वह महिलाओं का दमन हो रहा है और उनपर कई पाबंदियां लगी हैं। वहीं अब दक्षिण अफ्रीकी खेलमंत्री ने कहा है कि बोर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले का बहिष्कार करे।खेल मंत्री गेटन मैकेंजी ने बोर्ड से कहा है कि वह इस मुकाबले के बारे में एक बार फिर विचार करे और अफगानिस्तान के खिलाफ न खेलकर वहां की सरकार को महिलाओं के अधिकारों को लेकर कड़ा संदेश दे। मैकेंजी ने कहा क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के साथ ही अन्य देशों के क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी को भी इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए कि क्रिकेट जगत इस दुनिया में किस तरह का संदेश देना चाहता है। वहीं क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि वह इस मामले में आईसीसी के अनुसार काम करेगा। क्रिकेट बोर्ड ने कहा, बोर्ड अफगानिस्तान में महिला अधिकारों के हनन और उनके उत्पीड़न के खिलाफ है और मानता है कि महिला क्रिकेट को भी समान दर्जा मिलना चाहिए पर चैंपियंस ट्रॉफी आईसीसी का इवेंट है और इस मामले में अफगानिस्तान पर फैसला उसे ही लेना है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही वहां महिलाओं पर कई पाबंदी लगा दी गयी हैं। जिसके कारण अब वे खेल में भाग नहीं ले सकती हैं।

# ‘हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है’ : इंजीनियरिंग कॉलेज में समारोह के दौरान अश्विन का बड़ा बयान

**स्पोर्ट्स डेस्क।** अपने बोल्ड ब्यानों के लिए जाने जाते पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं बल्कि आधिकारिक भाषा है। यह एक ऐसी टिप्पणी है जो बहस को जन्म दे सकती है। अश्विन ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के स्नातक समारोह में की, जहां हिंदी का उपयोग हमेशा से एक संवेदनशील विषय रहा है, जिस पर तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए अश्विन ने पूछा कि क्या समारोह में उपस्थित लोग हिंदी में प्रश्न पूछने के लिए तैयार हैं, यदि वे अंग्रेजी या तमिल में सहज नहीं हैं।

अश्विन ने तमिल में कहा, ‘अंग्रेजी - मुझे एक बार हां कहें’, जिसके जवाब में अश्विन के नाम के नारे लगे। ‘तमिल’ - इस पर छात्र जोर से चिल्लाए। ‘ठीक है, हिंदी?’ जवाब में छात्र अचानक चुप हो गए। मैंने सोचा कि मुझे यह कहना चाहिए। हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है; यह एक आधिकारिक भाषा है।’




यह टिप्पणी ऐसे समय में नई बहस को जन्म दे सकती है, जब तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके समेत कई विपक्षी दलों ने केंद्र पर राज्यों, खास तौर पर दक्षिण में हिंदी थोपने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इसी कार्यक्रम में अश्विन ने टीम इंडिया की कप्तानी के विषय पर भी बात की। यहां, अनुभवी ऑफ स्पिनर ने कूटनीतिक जवाब दिया। अश्विन ने बताया, ‘जब कोई कहता है कि मैं यह नहीं कर सकता, तो मैं इसे पूरा करने के लिए जाग जाता हूं, लेकिन अगर वे कहते हैं कि मैं कर सकता हूं, तो मेरी रुचि खत्म हो जाती है।’ अश्विन ने अपनी पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया, उन्होंने इंजीनियरिंग की है। अपनी यात्रा से सीख साझा करते हुए अश्विन ने छात्रों से कहा कि वे कभी हार न मानें और संदेह के समय भी अपने रास्ते पर डटे रहें। उन्होंने कहा, ‘अगर कोई इंजीनियरिंग स्टाफ मुझसे कहता कि मैं कप्तान नहीं बन सकता, तो मैं और अधिक मेहनत करता।’ उन्होंने आगे कहा, ‘यदि आप छात्र हैं, तो आप कभी नहीं रुकेंगे। यदि आप छात्र नहीं हैं, तो सीखना बंद हो जाएगा और उत्कृष्टता सिर्फ आपकी अलमारी में रखा एक शब्द बनकर रह जाएगा।’

# पाकिस्तान पहुंचा आईसीसी का प्रतिनिधिमंडल, चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का लिया जायजा



लाहौर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पाकिस्तान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार सुबह पांच सदस्यीय टीम ने कराची में नेशनल बैंक स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन स्थल पर चल रहे निर्माण और नवीनीकरण कार्य का आकलन किया। इस दौरान पीसीबी अधिकारियों और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजनाओं की प्रगति और समयसीमा से अवगत कराया। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल ने निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत का दौरा किया और विभिन्न खंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया सेंटर सहित स्टेडियम की मुख्य इमारत की सुविधाओं का मूल्यांकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधाओं का जायजा लिया और दीवारों पर प्रदर्शित अभिलेखों की जांच की और तस्वीरें खींचीं। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी इमारत के ड्रेसिंग रूम, चेयरमैन बॉक्स और पीसीबी गैलरी का निरीक्षण किया और तस्वीरें लीं। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल का चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों के जायजा लेने का यह चौथा दौरा है। उल्लेखनीय है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 19 फरवरी को नेशनल बैंक स्टेडियम में होगा। पहला मैच उसी दिन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। स्टेडियम टूर्नामेंट में तीन मैच खेले जाने है।

# गंभीर पर भड़के मनोज तिवारी, पाखंडी और पीआर की दुकान कहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर और बंगाल के कप्तान रहे मनोज तिवारी ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है। मनोज तिवारी ने गंभीर को पाखंडी, दूसरों का श्रेरु स्वयं लेने वाला और पीआर की दुकान बताया है। मनोज तिवारी ने कहा कि खिलाड़ियों के चयन में भी वह प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में आकाश दीप की जगह पर हर्षित राणा को शामिल करने पर भी सवाल उठाये। इससे पहले मनोज ने कहा था कि आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स को जीत दिलाने का श्रेय गौतम गंभीर अधिक ले रहे हैं। साथ ही कहा कि अगर सबकुछ उन्होंने किया तो टीम के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित क्या कर रहे थे।

# टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का दावा, ऑस्ट्रेलिया में दिया गया था जहर

**स्पोर्ट्स डेस्क(एजेंसी)।** सर्बियाई टेनिस आइकन नोवाक जोकोविच ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित करने से पहले मेलबर्न में रहने के दौरान उन्हें %सीसा और पारा% से जहर दिया गया था क्योंकि उन्होंने कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया था।

ऑस्ट्रेलिया जोकोविच के लिए यादगार रहा है, जहां कोर्ट पर बहुत कुछ यादें है, वहीं उनके जीवन का सबसे काला अध्याय भी सामने आया। जोकोविच ने कोविड-19 का टीका लेने से इनकार कर दिया था और उस समय उन्होंने खुले तौर पर अपनी स्वतंत्रता व्यक्त की थी। लेकिन महामारी के बीच टूर्नामेंट शुरू होने से पहले जोकोविच को पहले मेलबर्न के एक होटल में हिरासत में लिया गया और बाद में टीका न लगवाने के कारण निर्वासित कर दिया गया। वह टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाए।

जोकोविच ने खुलासा किया कि जब वह सर्बिया लौटे, तो उन्हें अपने शरीर में ‘भारी धातु और पारा’ की उच्च-स्तरीय उपस्थिति महसूस हुई। GQ से बात करते हुए जोकोविच ने कहा, ‘मुझे कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। और मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था, जिसने मुझे जहर दे दिया। जब मैं सर्बिया वापस आया, तो मुझे कुछ पता चला। मैंने यह बात कभी किसी को सार्वजनिक रूप से नहीं बताई, लेकिन पता चला कि मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत अधिक था। भारी धातु। मेरे शरीर में सीसा था, सीसा और पारा का बहुत उच्च स्तर पर।’

पूर्व विश्व नंबर एक ने यह भी कहा कि उन्हें मेलबर्न में ‘जेल के कमरे’ में रखा गया था, जबकि अन्य एथलीट टूर्नामेंट से पहले सख्त क्वारंटीन से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा, ‘बहुत से एथलीट जो 40 दिन पहले क्वारंटीन में थे, उन्हें भी कमरे में बंद कर दिया गया था। लेकिन अंतर यह है कि जाहिर तौर पर वे जेल के कमरे में नहीं थे और मैं था। मेरे पास 100 से ज़्यादा आइटम वाला एक पेपर था- टूथब्रश, टूथपेस्ट, पानी, खाना, जो भी हो। और मुझे चुनना था, कुछ बॉक्स पर टिक करना था और इनमें से हर आइटम के लिए एक निश्चित मात्रा में अंक मिलते हैं, और मुझे कुल 60 अंक मिले जो मुझे प्राप्त करने की अनुमति थी। मैंने 59 या 60 अंक हासिल किए। बीस मिनट बाद मैं वापस आया और उन्होंने कहा, हमने गलती की, आपके पास 60 नहीं, 30 हैं। तो मुझे लगा, आप मजाक कर रहे हैं।’

जोकोविच ने कहा कि उन्हें कोविड-19 टीकाकरण पर उनके रुख के कारण बलि का बकरा बनाया गया और पूरा प्रकरण राजनीतिक था क्योंकि राजनेता उन्हें ‘बर्दाश्त’ नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा, ‘यही वास्तविक कारण है कि मुझे ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित किया गया था। यही बात तीन संघीय न्यायाधीशों ने अंत में कही। उनका फैसला यह है कि वे [आव्रजन] मंत्री के विवेकाधीन अधिकार पर सवाल उठाने की स्थिति में नहीं हैं। यह बहुत राजनीतिक था। इसका वास्तव में वैक्सीन या कोविड या किसी और चीज से कोई लेना-देना नहीं था। यह सिर्फ राजनीतिक है। राजनेता मुझे वहां नहीं देख सकते थे। मुझे लगता है कि उनके लिए मुझे वहां रखना जितना नुकसानदेह था, उससे कहीं ज़्यादा मुझे निर्वासित करना था।’




उन्होंने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया या ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कोई शिकायत नहीं है, लेकिन यह उनका परिवार है जो अभी भी पूरे प्रकरण के बारे में गहरी भावनाएं रखता है। उन्होंने कहा, ‘मेरे लिए, मैं ठीक हूं। मुझे ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कभी कोई शिकायत नहीं थी। इसके विपरीत, वास्तव में बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोग जिनसे मैं मिलता हूं, मैं पिछले कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में या दुनिया के अन्य स्थानों पर मिला हूँ, वे मेरे पास आते हैं और मेरे साथ किए गए व्यवहार के लिए मुझसे माफ़ी मांगते हैं क्योंकि वे उस समय अपनी ही सरकार से शर्मिंदा थे। और मुझे लगता है कि सरकार बदल गई है और उन्होंने मेरा वीजा बहाल कर दिया है और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। यह एक नया प्रधानमंत्री और नए मंत्री, नए लोग हैं इसलिए मुझे इसके लिए कोई शिकायत नहीं है। मुझे वास्तव में वहां रहना बहुत पसंद है, और मुझे लगता है कि मेरे परिणाम टेनिस खेलने और उस देश में होने की मेरी अनुभूति का प्रमाण हैं।’

# चहल ने प्रशंसकों से सहयोग मांगा

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेटर युजवेन्द्र चहल ने पत्नी धनश्री वर्मा के साथ तलाक को लेकर का रही खबरों पर अब अपनी चुप्पी तोड़ी है। चहल ने सोशम मीडिया में एक पोस्ट जारी कर प्रशंसकों से सहयोग मांगने के साथ ही काफी कुछ कहा है पर इस दौरान वह धनश्री को लेकर कुछ नहीं बोले जिससे प्रशंसक और उलझा गये। चहल ने अपने प्रशंसकों से सहयोग करते रहने की उम्मीद की है। उन्होंने लोगों से कहा कि वह बेटे, एक भाई और एक दोस्त की तरह हैं। साथ ही कहा कि वह सोशल मीडिया पर चल रही खबरों से परेशान हैं। चहल ने कहा कि मैं अपने सभी प्रशंसकों का उनके प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं, जिनके बिना मैं यहां तक नहीं आ पाता। लेकिन यह यात्रा अभी ख़त्म होने से बहुत दूर है। मेरे देश, मेरी टीम और मेरे प्रशंसकों के लिए अभी भी मुझे कई अविश्वसनीय ओवर देने हैं। मुझे एक खिलाड़ी होने पर गर्व है, मैं एक बेटा, एक भाई और एक दोस्त भी हूं। मैं हाल की घटनाओं, खासकर अपने निजी जीवन के बारे में व्याप्त जिज्ञासा को समझता हूं। हालांकि, मैंने कुछ सोशल मीडिया पोस्ट देखी हैं जिनमें ऐसे मामलों पर अटकलें लगाई जा रही हैं जो सच हो भी सकती हैं और नहीं भी इससे मुझे और मेरे परिवार को ठेस पहुंचती है। एक बेटे, एक भाई और एक दोस्त के रूप में मैं विनम्रतापूर्वक सभी से अनुरोध करता हूं कि वे इन अटकलों में शामिल न हों, क्योंकि इससे मुझे और मेरे परिवार को दुख होता है। मेरे पारिवारिक मूल्यों ने मुझे हमेशा सभी के लिए अच्छा चाहने, शॉर्टकट अपनाने के बजाय समर्पण और कड़ी मेहनत के माध्यम से सफलता प्राप्त करने का प्रयास करना सिखाया है और मैं इन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हूं। दिव्य आशीर्वाद के साथ, मैं हमेशा आपका प्यार और समर्थन पाने का प्रयास करूंगा, सहानुभूति नहीं। सभी को प्यार।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# बुरी तरह फ्लॉप रही बेबी जॉन, फिर भी खरीदा करोड़ों का घर

**बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल मुंबई के प्रमुख जुहू इलाके में अपने नए रियल एस्टेट निवेश की वजह से चर्चा में आ गए हैं। इस जोड़ी ने हाल ही में डीडेकोर ट्वेंटी बिल्डिंग में दो शानदार फ्लैट खरीदे हैं। इसकी कीमत करोड़ों में हैं।**

### छठी और सातवीं मंजिल पर है आलीशान आशियाना

इन दोनों फ्लैट का कार्पेट एरिया 9,730 स्कायर फीट है। अभिनेता के ये फ्लैट बिल्डिंग की छठी और सातवीं मंजिल पर स्थित है। इसमें पांच करोड़ 21 लाख रुपये का स्टाम्प ड्यूटी भी अदा की गई।

### इतनी है अपार्टमेंट की कीमत

वरुण धवन और नताशा दलाल के इस अपार्टमेंट में आठ कार पार्किंग स्पेस भी हैं, जो इस घर की लग्जरी को और भी ज्यादा बढ़ा रहे हैं। इस खरीदारी का प्रति वर्ग फीट मूल्य 89,332 रुपये है। घर की कीमत 86.92 करोड़ रुपये है। जुहू क्षेत्र अपनी शानदार लाइफस्टाइल और फिल्मी हस्तियों के लिए मशहूर है। इस जगह पर कई सितारों के घर मौजूद हैं।

### जुहू में रहते हैं कई सितारे

जुहू और बांद्रा मुंबई के वे प्रमुख इलाके हैं, जहां कई बॉलीवुड सितारे रहते हैं। अमिताभ बच्चन के पास जुहू में प्रतिष्ठा और जलसा जैसे शानदार बंगले हैं। इसके अलावा, धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी, अक्षय कुमार, अजय देवगन, काजोल, गोविंदा और संजय लीला भंसाली भी जुहू क्षेत्र में रहते हैं। वहीं, सलमान खान, शाहरुख खान, आमिर खान, सैफ अली खान और करीना कपूर सहित कई सितारे बांद्रा इलाके में रहते हैं।

### इन फिल्मों में दिखेंगे वरुण

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वरुण धवन फिल्म बेबी जॉन में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव के साथ नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह फिल्म नो एंट्री 2 में नजर आएंगे, जिसमें दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर भी होंगे। इसके अलावा, वरुण धवन के पास फिल्म बॉर्डर 2 में भी है। फिल्म में वह सनी देओल, दिलजीत और अहान शेट्टी के साथ स्क्रीन साझा करेंगे।



# राशा से लेकर शनाया तक इस साल डेब्यू करेंगे ये स्टारकिड्स

**इस साल 2025 में कई बॉलीवुड स्टार किड्स बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं इन स्टार किड्स के एजुकेशन के बारे में...**

### राशा थडानी

बॉलीवुड की दुनिया में आजाद फिल्म से डेब्यू करने जा रही राशा ने धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने साल 2021 में इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन की पढ़ाई साल 2021 में पूरी की है। वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।

### इब्राहिम अली खान



सारा अली खान के भाई इब्राहिम अली खान सरजमीं से डेब्यू करेंगे। इब्राहिम ने धीरूभाई अंबानी स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी से ग्रेजुएशन कर फिल्म मेकिंग में डिग्री ली।

### अमान देवगन



अजय देवगन के भांजे अमान देवगन भी राशा के साथ फिल्म आजाद से डेब्यू करने जा रहे हैं। अमान ने मुंबई के स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने नेब्रास्का विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा मिशिगन विश्वविद्यालय के रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए की डिग्री ली।

### सिमर भाटिया



अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी डेब्यू करने को तैयार है। सिमर ने मुंबई के स्कूल से स्कूलिंग की। उनकी आगे की पढ़ाई की डिटेल्स अभी मौजूद नहीं है।

### अहान पांडे




अहान पांडे मोहित सूरी की फिल्म से डेब्यू करेंगे। अहान ने मुंबई के ओबेरॉय स्कूल से पढ़ाई की और फिर ग्रेजुएशन किया। वे दो फिल्मों में बतौर सहायक निर्देशक रह चुके हैं।

### शनाया कपूर

शनाया कपूर भी इस साल बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर साल 2025 में उनकी फिल्म वृषभा और आंखों की गुस्ताखियां रिलीज होने वाली हैं। एजुकेशन की बात करें तो मुंबई के इकोले मोंडिएल वर्ल्ड स्कूल से पढ़ाई की। उन्होंने एक्टिंग की ट्रेनिंग की है। शनाया वर्तमान में लंदन के इस विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में कला स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। शनाया अपनी पहली फिल्म में लक्ष्य लालवानी और गुरफतेह पीरजादा के साथ काम करने वाली हैं।

### वीर पहाड़िया

स्काई फोर्स से डेब्यू कर रहे वीर पहाड़िया ने भी धीरूभाई अंबानी के स्कूल से पढ़ाई की है। इसके बाद बॉस्टन के कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री भी ले चुके हैं। उन्होंने ग्लोबल बिजनेस मैनेजमेंट में बी.ए. की पढ़ाई की है।



# मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बोलीं एक्ट्रेस पार्वती


**अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु वायनाड लिटरेचर फेस्टिवल में अतिथियों में से एक थीं, लेखिका अरुंधति रॉय के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि आज के युवा मलयालम अभिनेता पुरानी पीढ़ी से बदतर हैं। उन्होंने कहा कि लड़ाई झगड़े और हिंसा करने वाले पुरुषों का गुणगान करने वाले सितारों के लिए फिल्में अभी भी बन रही हैं।**

### नई पीढ़ी को लेकर की बात

जब पार्वती से पूछा कि वर्तमान पीढ़ी में महिलाओं का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों का तरीका थोड़ा परेशान करने वाला है। पहले के लोग कुछ अन्य चीजों से परेशान थे, आज के लोगों की समस्याएं दूसरी हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है। इंडस्ट्री में कुछ लोग निराश हैं क्योंकि उन्हें वे लाभ नहीं मिल रहे हैं जो पुरानी पीढ़ी को मिल रहे थे।

### इसलिए चर्चा में रहती हैं पार्वती

पार्वती थिरुवोथु को उनके खुलकर बोलने की बात करने की आदत के कारण जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मलयालम इंडस्ट्री में बहुत सारे बदलाव आए हैं। यहां बड़ी बजट की फिल्में बनने लगी हैं, इसके बाद भी वही मुद्दे फिल्मों में दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले मुझे चिंता होती थी कि मुझे फिर से इन लोगों के साथ काम करना पड़ेगा। लेकिन अब ऐसे विचार मुझे परेशान नहीं करते। पार्वती ने कहा कि उन्हें इंडस्ट्री में बाथरूम पार्वती का नाम मिला क्योंकि उन्होंने सेट पर महिलाओं को लिए सही शौचालय व्यवस्था को लेकर बात की थी। इससे पहले पार्वती को मलयालम फिल्म हर में देखा गया, इसका निर्देशन लिजिन जोस ने किया था।



# पब्लिसिटी के लिए बॉडीगार्ड से हंगामा करवाते हैं एक्टर्स

**बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद मुखर होकर बोलने के लिए जाने जाते हैं। वह राजनीतिक मुद्दों पर भी अपने विचार खुलकर रखते हैं। वह सोशल मीडिया पर भी खूब सक्रिय रहते हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। सोनू सूद फिल्म का खूब प्रमोशन कर रहे हैं। साथ ही इंडस्ट्री की कई छुपी बातों का खुलासा भी कर रहे हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया है कि कुछ अभिनेता लोगों का अटेंशन लेने के लिए अपने बॉडीगार्ड से हंगामा करवाते हैं।**

### पब्लिसिटी के लिए कलाकार करते हैं ये काम

हाल ही में जिस्ट के साथ एक साक्षात्कार में, सोनू सूद ने बॉलीवुड कलाकारों पर कटाक्ष किया है और कहा है कि कुछ लोग कैमरे के पीछे भी काफी अच्छी एक्टिंग करते हैं। अभिनेता ने कहा, मुझे लगता है कि बॉलीवुड के लोगों के सिर्फ कैमरे के आगे की एक्टिंग करनी चाहिए। जैसे ही कैमरा बंद हो जाए, उन्हें एक्टिंग करनी भी बंद कर देनी चाहिए। हालांकि, कुछ लोगों से इतना भी नहीं होता है, उनकी पूरा जीवन हर समय एक्टिंग करने में ही निकल जाता है।

### फैंस से बातचीत करना सोनू को है पसंद

अभिनेता ने आगे कहा, कई बार वीडियो वायरल होते हैं कि किसी कलाकार के बॉडीगार्ड ने हंगामा कर कर दिया। कई लोग बॉडीगार्ड साथ लेकर जाते हैं। यहां तक कि मैं भी बड़े इवेंट्स में बॉडीगार्ड साथ लेकर जाता हूं। हालांकि, मैं अपने बॉडीगार्ड से कहता हूं कि मुझे लोगों के बीच में जाने दो क्योंकि मुझे उनसे बातचीत करना पसंद है। कई कलाकार इसका भी पब्लिसिटी के इस्तेमाल करते हैं।

### लोगों की अटेंशन पाने के लिए सोनू रखते थे बॉडीगार्ड

सोनू ने यह भी बताया कि बॉलीवुड में कई लोग बॉडीगार्ड सिर्फ अटेंशन लेने के लिए रखते हैं। अभिनेता ने कहा, उन्होंने कहा, उनमें से कई लोग एयरपोर्ट पर भी अपने बॉडीगार्ड रखते हैं और फिर वे वहां पूरा तमाशा बनाते हैं। एक बार मैंने एक बॉडीगार्ड से बात की और पूछा, तुम तमाशा क्यों बना रहे हो? क्या तुम शांति से नहीं चल सकते? उसने कहा, नहीं सर, हमें ड्रामा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लोग नहीं करेंगे नोटिस

बॉडीगार्ड ने अभिनेता से कहा कि अगर ऐसा नहीं किया तो हम पर चिल्लाया जाएगा। सोनू ने कहा कि इसलिए बहुत से अभिनेता लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अपने साथियों के साथ ये सब ड्रामा करते हैं क्योंकि उन्हें बस इस बात का डर होता है कि अगर वे बिना ड्रामा के किसी जगह पर जाएंगे तो लोग उन्हें नोटिस नहीं करेंगे।



# गुड बैड अग्ली की रिलीज डेट का एलान, प्रभास की द राजा साब से भिड़ेंगे अजित

अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म गुड बैड अग्ली को आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज की तारीख मिल गई है। फिल्म का निर्देशन आदिक रविचंद्रन ने किया है। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कई तरह की आशंकाएं बनी हुई थीं, लेकिन आखिरकार आज निर्माताओं ने गुड बैड अग्ली की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है।

### फिल्म की नई रिलीज डेट

निर्देशक आदिक रविचंद्रन ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया और एलान किया कि यह फिल्म 10 अप्रेल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आज सोमवार को एक्स पर शेयर किए गए नए पोस्टर में अजित एक शानदार टू-पीस व्हाइट सूट में एक पिस्तौल पकड़े हुए सोफे पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ आदिक रविचंद्रन ने एक कैप्शन लिखा, गुड बैड अग्ली 10 अप्रैल को आ रही है।

### प्रभास की फिल्म से कड़ी टक्कर

हालांकि, इस तारीख को फिल्म की रिलीज आसान नहीं होने वाली है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर सुपरस्टार प्रभास की फिल्म द राजा साब से होगी। 10 अप्रैल 2025 को प्रभास की द राजा साब भी रिलीज हो रही है। प्रभास इस समय सबसे बड़े पैन इंडिया स्टार हैं, जबकि अजीत के तमिलनाडु में बहुत बड़े प्रशंसक हैं, इसलिए यह टकराव देखना बहुत दिलचस्प होगा। अब देखना यह होगा कि कौन सी फिल्म किस पर भारी पड़ती है। गुड बैड अग्ली के बारे में अपडेट साझा करते हुए इससे पहले मैत्री मूवी मेकर्स के निर्माता नवीन यरनेनी ने चेन्नई में पुष्पा 2 के प्री-रिलीज इवेंट में फिल्म की रिलीज के बारे में अपडेट साझा किया। उन्होंने गुड बैड अग्ली के पोस्टपोन का संकेत दिया था। दरअसल, यह फिल्म को पहले पोंगल 2025 के मौके पर रिलीज किया जाना था, क्योंकि अजित की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म विदामुयार्ची की रिलीज को रास्ता दिया गया था, लेकिन अंतिम समय में विदामुयार्ची की रिलीज को भी आगे खिसका दिया गया। ऐसे में अजित की दोनों फिल्मों के हाथ से पोंगल की तारीख निकल गई। हालांकि, अब तक विदामुयार्ची की नई रिलीज पर अपडेट नहीं आया है, लेकिन गुड बैड अग्ली की रिलीज की तारीख ने फैंस को उत्साहित कर दिया है।

इस फिल्म में अजित कुमार, तृषा, प्रसन्ना और सुनील प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। अजित के तीन किरदार फिल्म के नाम गुड बैड अग्ली को दिखाएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित एक नकारात्मक किरदार भी निभा सकते हैं।

# तलाक के बाद प्यार की तलाश में हैं संजीदा?



टीवी अभिनेत्री संजीदा शेख अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। संजीदा ने पहले आमिर अली से शादी की थी, हालांकि अब अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें प्यार पर भरोसा है। एक साक्षात्कार में संजीदा शेख कहा कि आज के वक्त में प्यार ढूंढना कोई मुश्किल काम नहीं है।

संजीदा ने बताया कि आज के समय में कोई ऐसा पार्टनर मिले, जो आपकी आत्मा को शांति दे। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि यह एक्पीरियंस सबको मिले। संजीदा ने यह भी कहा कि रिश्ते में धोखा हमेशा ही मिलता है, लेकिन प्यार पर भरोसा करना जरूरी है।